फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 39, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 06 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### विपक्ष की मोर्चाबंदी: सिसोदिया केस पर 9 विपक्षी नेताओं की पीएम को चिट्ठी: कहा- गिरफ्तारी ने दिखाया कि हम लोकतंत्र से तानाशाही में बदल गए

## देश में तानाशाही का राज: विपक्ष





**नई दिल्ली:** दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर 9 विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। इन नेताओं में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। चिट्ठी में लिखा है कि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी यह दिखाती है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश से तानाशाही शासन में तब्दील हो गया है। दरअसल, शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई थी। यहां उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन कोर्ट ने 10 मार्च तक के लिए जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया और सीबीआई को उनकी दो दिन की रिमांड और दे दी।

**चिट्ठी लिखने वाले 9 नेता:** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बीआरएस चीफ के चंद्रशेखर राव, पंजाब के सीएम भगवंत मान, राजद नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस लीडर फारूक अब्दुल्ला, राकांपा चीफ शरद पवार, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के चीफ उद्धव ठाकरे, सपा चीफ अखिलेश यादव।

दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व डिप्टी उट को 6 मार्च तक सीबीआई कस्टडी पर भेज दिया। वहीं, सिसोदिया की तरफ से दाखिल जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को फैसला सुनाएगा। दिल्ली में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया। सिसोदिया को जहां शराब नीति केस में सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था, वहीं सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस में पिछले साल 30 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को जेल भेजने की कहानी आम आदमी पार्टी घर-घर जाकर लोगों को सुनाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बैठक में 5 मार्च से कैंपेन शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसमें लोगों को बताया जाएगा कि दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल से परेशान होकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को जेल भिजवाया है। इस डोर-टु-डोर कैंपेन का नेतृत्व इलाके के विधायक करेंगे।


### विपक्ष की पीएम को चिट्ठी

आदरणीय प्रधानमंत्रीजी, हमें भरोसा है कि आपको आज भी लगता है कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का मनमाना इस्तेमाल यह दिखाता है कि हम एक लोकतंत्र से तानाशाही में तब्दील हो गए हैं। लंबी तलाश के बाद 26 फरवरी 2023 को मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। कथित तौर पर गड़बड़ी के आरोप में ये गिरफ्तारी की गई और वह भी बिना कोई सबूत दिखाए। सिसोदियाजी के खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। यह राजनीतिक षडयंत्र के तहत की गई कार्रवाई है। इस गिरफ्तारी ने पूरे देश की आवाम को गुस्से से भर दिया है। दुनियाभर में मनीष सिसोदिया दिल्ली स्कूल एजुकेशन में बदलाव के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी गिरफ्तारी को दुनियाभर में बदले की भावना से की गई राजनीतिक कार्रवाई के उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है। इससे वह बात भी पुष्ट हो रही है, जिसके बारे में पूरी दुनिया आशंकित है कि भाजपा के तानाशाही शासन के दौरान भारत के लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में हैं। आपके शासन में 2014 से अब तक जितने राजनेताओं की गिरफ्तारी हुई, छापे मारे गए या पूछताछ हुई, उनमें ज्यादातर विपक्षी नेता हैं।

## इमरान खान हो सकते हैं गिरफ्तार

**लाहौर:** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की किसी भी समय गिरफ्तारी हो सकती है। तोशाखाना मामले में पूर्व पीएम को गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद पुलिस लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास पर भी पहुंच गई है। दरअसल, इमरान को कुछ दिन पहले ही इस्लामाबाद कोर्ट ने सरकारी खजाने (तोशाखाना) के करोड़ों रुपए के उपहार सस्ते में बेचने का आरोपी मान लिया है। जिसके बाद उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

**तोशाखाना मामले में हो रही कार्रवाई:** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुखिया इमरान खान को पुलिस तोशाखाना मामले में गिरफ्तार करने गिरफ्तारी वारंट के साथ लाहौर पहुंच गई है। खान के खिलाफ एक जिला अदालत द्वारा गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।



**फवाद चौधरी बोले- गिरफ्तारी से पाक में स्थिति खराब होगी:** पाक मीडिया के अनुसार कि सभी कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद खान को गिरफ्तार किया जाएगा।इस बीच, पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने कहा कि खान को गिरफ्तार करने का कोई भी प्रयास पाक में स्थिति को गंभीर रूप से खराब कर देगा।

फवाद ने कहा, "पाकिस्तान विरोधी इस सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि पाकिस्तान को और संकट में न डालें और समझदारी से काम लें।" उन्होंने इसी के साथ कार्यकताओं को जमान पार्क में इकट्ठा होने को कहा। जिसके बाद कई कार्यकर्ता पुलिस को रोकने इमरान के घर के बाहर जुट गए।

## कई चुनौतियों का सामना कर रही न्यायालय: पूर्व चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली:** पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया यूयू ललित का न्यायपालिका की आजादी को लेकर बड़ा बयान आया है। कलकत्ता में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व चीफ जस्टिस यूयू ललित ने कहा कि न्यायपालिका ने काफी चुनौतियों का सामना किया है। अगर कोई न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो उनसे उचित तरीकों से निपटा भी जाता है। जस्टिस यूयू ललित ने कहा कि एक फलते-फूलते लोकतंत्र के लिए एक स्वतंत्र न्यायपालिका होनी चाहिए क्योंकि विवाद समाधान के माध्यम से ही समाज को कानून के शासन द्वारा शासन का आश्वासन दिया जाता है।

## एमपी: मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना लॉन्च

### घुटनों पर बैठकर सीएम शिवराज बोले- लाडली बहना सेना भी बनाएंगे; मेरी बहनें दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती



**भोपाल:** मध्यप्रदेश में आज से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के जंबूरी मैदान में रिमोट के जरिए योजना लॉन्च की। रिमोट से ही योजना का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए दिए जाएंगे। 25 मार्च से 20 अप्रैल तक फॉर्म भरे जाएंगे। स्पीच के दौरान मुख्यमंत्री घुटनों के बल बैठ गए। महिलाओं को प्रणाम करते हुए कहा- अभी तक मैं बेटियों की पूजा करता था। लेकिन, बहनों में भी मैं मां दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती को देखता हूं। बहनों की सेवा कर मेरा मुख्यमंत्री बनना और मानव जीवन सफल और सार्थक हो गया। सीएम ने घोषणा करते हुए कहा- एक लाडली बहना सेना भी बनाएंगे। गड़बड़ करने वालों को ठीक कर देंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से योजना का पहला फॉर्म भोपाल की रसूली बेलदार की कविता मस्तेरिया का भरा। सीएम जब कविता से पूछ रहे थे कि आपके परिवार से कोई विधायक-सांसद तो नहीं है, इस पर कविता बोलीं - आप हैं न...। सीएम हंस दिए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट के जरिए योजना लॉन्च की। रिमोट से ही योजना का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट के जरिए योजना लॉन्च की। रिमोट से ही योजना का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे यहां बहन-बेटियों को दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती मानते हैं। विष्णुजी से पहले लक्ष्मीजी का नाम लेते हैं, राम के नाम से पहले सीता का नाम लेते हैं। लेकिन, अंग्रेजों के शासन में हमारी बहनें धीरे-धीरे कई भेदभाव का शिकार हो गईं। मैंने अपने गांव, घर, परिवार में देखा कि बेटा अगर जन्म ले तो स्वागत किया जाए। हवाई फायर किए जाएं। बेटी अगर आ गई तो मां की सूरत भी उतर जाती थी। जब मैं यह देखता था तो तकलीफ होती थी।

## सिर्फ कागजों में हटा अनुच्छेद- 370: राउत



**मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कश्मीरी पंडितों के मुद्दे पर भाजपा पर हमला बोला है। राउत ने रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करना केवल कागजों पर था और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए किया गया था।

**'कश्मीरी पंडितों की परेशानियों का भाजपा के पास जवाब नहीं':** पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के 'रोकटोक' कॉलम में राउत ने कहा कि इस कदम के बावजूद कश्मीरी पंडितों को उनके अधिकार नहीं मिले और भाजपा नेताओं के पास उनकी परेशानियों का कोई जवाब नहीं है।

**मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर मुद्दे से ध्यान भटकाया:** उन्होंने कहा, हाल ही में पुलवामा में आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी थी, लेकिन भाजपा ने कथित शराब घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके समुदाय के दुख पर पानी फेर दिया (हत्या से ध्यान भटकाया गया)। राउत ने कहा, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था और रहेगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को केवल कागजों पर खत्म किया गया है और भाजपा के राजनीतिक हितों को पूरा करने के लिए ऐसा किया गया है।

**'कश्मीरी पंडितों ने राहुल गांधी को बताई थीं अपनी परेशानियां':** राउत ने अपने कॉलम में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश की अपनी हालिया यात्रा के दौरान उन्होंने कश्मीरी पंडितों से मुलाकात की और समुदाय के लोगों ने उन्हें घाटी में जबरन स्थानांतरित किए जाने के बारे में बताया, सरकार उनकी सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं थी।

### न्यायपालिका को विपक्ष बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता

## 'लोकतंत्र हमारे खून में है': कानून मंत्री

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक बार फिर से न्यायपालिका को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका को कभी भी विपक्ष बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ओडिशा के भुवनेश्वर में सेंट्रल गवर्नमेंट लॉ ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कानून मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विरोधी विदेशी ताकतें टुकड़े-टुकड़े गैंग की मदद से भारत पर हमला करती हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका स्वतंत्र है और न्यायपालिका को कभी भी विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। कोई भी भारतीय लोकतंत्र पर सवाल नहीं उठा सकता क्योंकि लोकतंत्र हमारे खून में है। रिजिजू ने कहा कि आजादी के नाम पर किसी को कुछ भी करने की छूट नहीं दी जा सकती, अगर ऐसा हुआ तो कानून व्यवस्था का क्या होगा! कानून मंत्री ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों को यह समझ लेना चाहिए कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह से कायाकल्प होने की यात्रा पर निकल चुका है। इन गैंगों को भारत विरोधी विदेशी ताकतों से मदद मिलती है।



ये ताकतें भारतीय लोकतंत्र, भारत सरकार, न्यायपालिका और अन्य अहम संस्थाओं जैसे सेना, चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों पर हमला करती रहती हैं। कार्यक्रम के दौरान कानून मंत्री ने कहा कि देश के भीतर और बाहर से यह दिखाने की कोशिश की जा रही है कि भारतीय न्यायपालिका संकट में है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सोशल मीडिया पर जजों को भला-बुरा कहा जाता है अगर सरकार को लेकर ऐसी बातें होती हैं तो इनका स्वागत है लेकिन न्यायपालिका की इस तरह आलोचना सही संकेत नहीं है।

## भाजपा संगठन में होगा बदलाव विक्टिम कार्ड खेल रही है आप: भाजपा

**नई दिल्ली: आबकारी नीति मामले में** मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर सिसायत तेज हो गई है। ममता बनर्जी, केजरीवाल और अखिलेश यादव समेत 9 विपक्षी नेताओं द्वारा पएम मोदी को चिट्ठी लिखी गई है। इस पर अब भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने विपक्ष पर पलटवार किया है।

**'भ्रष्टाचार की रक्षा करने वाली पार्टी बन गई है आप':** शहजाद पूनावाला ने आप पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एक आम आदमी पार्टी एक ऐसी पार्टी में बदल गई है, जो 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन से उठी थी, लेकिन अब भ्रष्टाचार की रक्षा करने वाली और जश्न मनाने वाली पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा यह उस राजनीतिक दल का पूर्ण परिवर्तन है, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी। आज वे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को मानसिक उत्पीड़न के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या अदालत भी मानसिक रूप से सिसोदिया को प्रताड़ित नहीं कर रही है।

**आप को देना चाहिए जवाब:** भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा आप को आबकारी नीति मामले से संबंधित सवालों का जवाब देना चाहिए। जो लोग आज इस तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होकर दिल्ली के लोगों के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार हैं, वह यह बताए कि शरब घोटाला क्यों किया गया।

## महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर: अखिलेश

### अमेठी की सांसद कहां हैं, होली आ गई अभी तक फ्री वाला सिलेंडर नहीं मिला

**लखनऊ/अमेठी:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार को अमेठी पहुंचे। यहां वह पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की बेटी की शादी में शामिल हुए। बेटी की शादी के लिए गायत्री प्रजापति को 7 दिन की पैरोल मिली है। अमेठी में अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी पर निशाना साधा। इससे पहले अखिलेश ने सोशल मीडिया पर विधानसभा बजट सत्र के समापन मौके पर हुए फोटो सेशन की शेयर की। इसमें दोनों डिप्टी सीएम यानी केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक नहीं हैं। इसको लेकर अखिलेश ने यूपी सरकार से 3 सवाल पूछे। अखिलेश यादव ने कहा, "प्रदेश के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। अभी सदन खत्म हुआ है। महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अगर कोई गरीब है, तो इस सरकार में उसे न्याय नहीं मिला सकता। विपक्ष ने जो भी सवाल उठाए, सरकार ने उनके जवाब नहीं दिए गए।" अडाणी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा, "भाजपा डंका बजाती थी कि एक उद्योगपति दुनिया में नंबर एक पर है। जो अब पता नहीं किस स्थान पर है? बीजेपी के साथी उद्योगपति का 20 लाख करोड़ से ज्यादा डूब गया। एलआईसी और स्टेट बैंक का पैसा डूब गया। जनता जानना चाहती है कि जिनके कारण पैसा डूबा उन पर कार्रवाई होगी या नहीं?"



**स्मृति ईरानी पर साधा निशाना:** अखिलेश ने कहा कि अमेठी से भाजपा की सांसद हैं। वह सिलेंडर वाली सांसद हैं। होली आ गई, लेकिन अभी गरीब को सिलेंडर नहीं मिला। आज चीनी, आटा, रिफाइंड सभी कुछ महंगे हैं। आज किसानों को आलू की कीमत नहीं मिल रही है। भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया।

## भाजपा संगठन में होगा बदलाव

### भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में सीएम आवास पर नई टीम को लेकर हुई चर्चा

**लखनऊ:** भाजपा की यूपी में नई टीम का एलान कभी भी हो सकता है। भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में सीएम आवास पर शनिवार देर शाम को करीब डेढ़ घंटे तक की संगठन को लेकर बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी संगठन महामंत्री धर्मपाल की मौजूदगी में हुई। इस बैठक में नई टीम का ऐलान को लेकर अंतिम रूप दिया गया। दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मुलाकात जेपी नड्डा से हुई थी। बीजेपी के सूत्र बताते हैं नई टीम का ऐलान कभी भी हो सकता है। यह माना जा रहा है कि भूपेंद्र चौधरी की टीम में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधते हुए महिलाओं को तवज्जो दी जाएगी।



**पंकज सिंह की जगह ले सकते हैं नीरज सिंह:**

भूपेंद्र चौधरी की नई टीम में सबसे अहम बात निकल कर आ रही है कि नोएडा से विधायक पंकज सिंह की जगह नीरज सिंह ले सकते हैं। बीजेपी के सूत्र बताते हैं कि नई टीम में राजनाथ सिंह के छोटे पुत्र नीरज सिंह को संगठन कार्य के लिए समायोजित किया जा सकता है। बीते कई सालों से नीरज सिंह बीजेपी के कार्यक्रमों में और युवा मोर्चा के कार्यक्रमों में शामिल होते हुए देखे गए। 2002 से बीजेपी की राजनीति में सक्रिय हुए नोएडा से विधायक पंकज सिंह संगठन में दो बार महामंत्री और मौजूदा समय में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## 3 साल बढ़ सकती है शिक्षकों के रिटायरमेंट की उम्र

**लखनऊ:** यूपी में राज्य विश्वविद्यालयों और एडेड डिग्री कॉलेज के शिक्षकों की रिटायरमेंट उम्र 62 साल से बढ़ाकर 65 साल किया जाना लगभग तय माना जा रहा हैं। सरकार इस मामले में जल्द ही फैसला ले सकती हैं। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की मौजूदगी में 13 मार्च को होने वाली विभागीय समीक्षा बैठक में निर्णय हो सकता हैं।

**3 नए राज्य विश्वविद्यालय को लेकर भी होगा फैसला:** बैठक में बजट में ऐलान किए गए 3 नए राज्य विश्वविद्यालय को लेकर भी निर्णय लिया हैं। देवीपाटन और मिर्जापुर मंडल के अलावा एक अन्य मंडल में राज्य विश्वविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी। इन विश्वविद्यालयों को लेकर भी चर्चा होगी और अहम फैसले लिए जाएंगे।

**नई भर्ती पर होगा जोर:** बैठक में कुछ राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र संघ चुनाव कराए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाने, असिस्टेंट प्रोफेसर के 1107 पदों के लिए लिखित परीक्षा के आयोजन,असिस्टेंट प्रोफेसर व सहायक कुलसचिवों की प्रमोशन के लिए, नए महाविद्यालयों में एलएलबी पाठ्यक्रमों का मानक निर्धारित करने, राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षिक पदों को भरने, तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों का अधियाचन अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेजने, राजकीय सेवा के समूह ग के कर्मचारियों का कैडर एक करते हुए अंत विभागीय स्थानान्तरण किए जाने आदि मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बलात्कार के आरोपी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मेजा रोड।** मेजा पुलिस ने नाबालिग लड़की से बलात्कार करने वाले वांछित आरोपी व दो नफर वारंटियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रविवार को कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे दरोगा वीरेन्द्र सिंह यादव व हेड कांस्टेबल संजय सिंह ने बलात्कार के वांछित आरोपी राहुल कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी मेड़रा मेजा को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी ने थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की से दुराचार किया था वहीं किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश मे जुटी और गिरफ्तार किया। वहीं रविवार को ही कोतवाल के नेतृत्व मे दरोगा वीरेन्द्र सिंह यादव, दरोगा रामचीज यादव व हेड कांस्टेबल संजय सिंह ने दो नफर वारंटी बुलबुल पुत्र स्व. हीरालाल निवासी अटखरिया थाना मेजा व संजय पुत्र स्व. लालबहादुर निवासी सिगटी थाना मेजा को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए उक्त वांछित व वारंटियों के खिलाफ लिखापढ़ी कर नियमानुसार अगली कार्रवाई की गई।

## शंकरगढ़ में हुई दिल दहलाने वाली घटना

# प्रेमी के साथ पत्नी को देख बौखलाये पति ने किया गड़ासे से हमला, प्रेमी की मौत पत्नी गंभीर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के आमगोंदर गांव में एक युवक ने अपनी पत्नी व उसके प्रेमी को एक साथ देख दोनों के ऊपर गड़ासे से हमला कर दिया और प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया। जबकि हमले में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी होने पर शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालापुर थाना क्षेत्र के कोटा (गोल्हैया) गांव का रहने वाला सोनकरन यादव 26 वर्ष पुत्र विजय यादव शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के आमगोंदर गांव में रहकर ट्रैक्टर चलाता है ।उसका प्रेम प्रसंग अपने ही गांव की निर्मला देवी जिसकी शादी लालापुर थाना क्षेत्र के ही दुबहा गांव में गंगा कोल के साथ हुई थी, से चल रहा था। उसके पति गंगा उर्फ



गजेंद्र पुत्र कुहुरू को अपने पत्नी के प्रेमी के विषय में बहुत पहले ही जानकारी हो गई थी।, जिससे अक्सर उसका अपनी पत्नी से विवाद होता रहता था। इन्हीं कारणों से उसने एक वर्ष पहले अपनी पत्नी निर्मला को मार पीट कर घर से निकाल दिया था। इधर सोनकरन यादव भी अपना गांव छोड़कर शंकरगढ थाना क्षेत्र के आमगोदर में रहने लगा था। जहां वह एक ठीकेदार का ट्रैक्टर चलाता था तथा झोपड़ी में रहता था।शनिवार की रात के दूसरे पहर गंगा गड़ासा लेकर आमगोदर गांव पहुंचा और झोपड़ी में अपनी पत्नी और प्रेमी को एक साथ देख बौखला गया और पहुंच दोनों के ऊपर वार कर दिया।सोनकरन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निर्मला की हालत गंभीर होने पर सीएचसी शंकरगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि निर्मला के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गंगा जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## मछली व्यापारी का शव मिलने से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा कोतवाली क्षेत्र के सिरसा चौकी अंतर्गत छतवा, बिजौरा गांव निवासी का चार दिन पहले रसूलपुर, सैदाबाद (गंगापार) गंगा घाट से लापता युवक का शव छतवा घाट पर उतराया मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार रामपाल निषाद का 34 वर्षीय पुत्र बबलू निषाद पूर्व की तरह घर से चार दिन पूर्व रसूलपुर, सैदाबाद (गंगापार) गंगा नदी में मछली मारने के लिए कह कर गया था, जहां से वह लापता हो गया था। चार दिन बीतने के बाद भी घर नहीं लौटा तो परिजन खोजबीन करना शुरू किया, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। तीसरे दिन मछुआरे का नाव सिरसा पीपा पुल के पास मिला था। चौथे दिन रविवार सुबह मेजा कोतवाली क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत छतवा गंगा घाट पर ग्रामीणों ने एक शव घाट पर उतराया दिखा। ग्रामीणों ने शव की पहचान बिजौरा निवासी बबलू निषाद के रूप में करते हुए सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश कुमार मय फोर्स मौके पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटे। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

### औधोगिक क्षेत्र में कुएं में कूदकर विवाहिता ने दे दी जान

**नैनी।** औधोगिक क्षेत्र में घर के पास कुंए में कूदकर एक विवाहिता ने जान दे दी। जिससे उसके घर मे कोहराम मच गया। विवाहिता अपने पीछे नौ माह की दुग्धमुहि बेटी को छोड़ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ औधोगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे ने बताया कि मीरजापुर के थाना कछवा अन्तर्गत रहने वाले जयप्रकाश तिवारी की बेटी शान्ति (20) की शादी दो साल पहले वर्ष पूर्व औधोगिक क्षेत्र के टिकुरी लवायन कला गांव में रहने वाले सचिन तिवारी से की थी। शांति की एक नौ माह की दुग्धमुहि बेटी है। सचिन ई-रिक्सा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार देर रात सचिन की पत्नी किसी बात से नाराज होकर घर के पास स्थित कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# सर्वजीत तिवारी की हत्या में शामिल चार अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय के मु.अ.सं. 17/23 धारा 302/ 201/ 427 भादवि से सम्बन्धित विवेचना से प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को आशनायी के चक्कर में मृतक सर्वजीत तिवारी पुत्र आशाराम तिवारी निवासी ग्राम पतैया (बैरहना) थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज की दिनांक 22.02.23 को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर शव को ग्राम पुरेसवा स्थित प्रधान तारा तालाब के पास फेक दिया गया था, जिसका सफल अनावरण करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार थाना बरसठी जौनपुर



मय टीम ने 5 मार्च को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । दौराने गिरफ्तारी अभियुक्त नीरज कुमार गौतम उपरोक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया तथा अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त (आला कत्ल) कुल्हाड़ी की बरामदगी किया गया । आवश्यक कार्रवाई उपरान्त न्यायायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। सम्बन्धित अभियोग- 1. मु.अ.सं. 17/23 धारा 302/ 201/ 427 भादवि थाना बरसठी जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण- 1.अभियुक्त नीरज कुमार गौतम पुत्र अमरबहादुर गौतम निवासी बशहरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर । 2. बंटी उर्फ आकाश गौतम पुत्र अशोक कुमार नि0 पतैया थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराजगिरफ्तार बाल अपचारी अभियुक्त,3. करन कुमार गौतम पुत्र संजय गौतम निवासी बसहरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर । 4. शुमम पुत्र देवेन्द्र गौतम निवासी बसहरा थाना बरसठी जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण-1. घटना में प्रयुक्त (आला कत्ल) कुल्हाड़ी, 2.एक देशी तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-1. थानाध्यक्ष दिनेश कुमार थाना बरसठी जनपद, स0उ0नि0 राजकुमार यादव, हे0का0 नरेन्द्र सिंह, का0 सुरेश यादव, का0 दुर्गेश गौड़, का0 अंकित राय, का0 रघुराज सिंह, का0 विजय प्रताप,का0 संजय पटेल थाना बरसठी जनपद जौनपुर शामिल रहे।

### पुलिस ने पांच मुलजिमों को किया गिरफ्तार

**कोराव।** कोरांव थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह के निर्देशन में थाने की फोर्स ने पांच नामजद अपराधियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। थाना कोराव में दर्ज मुकद्दमा अपराध संख्या 81/2023 धारा 147,149,323, 504, 506 तथा 332,333, 353, 427 आईपीसी में लाल बहादुर पुत्र हनुमत प्रसाद ग्राम सैन्भा,संजय सिंहअजय सिंह,,संजीव सिंह,तथा ब्रिजेस सिंह को ग्राम जमुआ धूंस देंगिरफ्तार कर लिया। और जेल भेजने की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही।

### पुलिस ने किया तीन ब्यक्तियो का किया चालान

**नैनी** औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने शांति व कानून ब्यवस्था खराब करने के जुर्म में आज शनिवार को थाना क्षेत्र से तीन ब्यक्तियो को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा में चालान कर न्यायालय भेजा।उक्त कार्यवाही एसीपी करछना के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में दरोगा कमलेश गिरी व विनय कुमार गुरदेव ने शान्ति ब्यवस्था के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवो के तीन ब्यक्तियो को सीआरपीसी में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया। गिरफ्तार होने वाले ब्यक्ति गोरे लाल भारतीया पुत्र स्व छब्बू निवासी आईटीआई महुवारी उम्र 25 वर्ष व अभिषेक निषाद पुत्र पप्पू ग्राम पीपरांव तथा पप्पू पुत्र जमुना निवासी पीपरांव थाना औद्योगिक क्षेत्र के आरोपी है।




## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 सामने से नेतृत्व करने वाली महिलाएं

अखंड भारत संदेश

**जारी।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन होली त्योहार होने के वजह से आज 5 मार्च को जारी बाजार में सभा करके रैली निकाली। गड़ैया पावर हाउस से शुरू रैली में महिलाओं ने पूरे जोश के साथ लिंग आधारित भेदभाव खत्म करो, ग्राम अंचल में बालिका शिक्षा की सरकारी व्यवस्था में सुधार करो, बाल विवाह बाल श्रम रोको, बालिकाओं के लिए सरकारी. महाविद्यालय, नर्सिंग, मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज खोलो, महिलाओं की पुरुषो के बराबर की मजदूरी दो, मनुवादी दलित उत्पीड़न बंद करो, महिला स्वरोजगार में बिना ब्याज कर्ज वह मुक्त बिजली दो, महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी करो, हाथरस दुश्कर्म के सभी आरोपी को सजा दो, उनको दोषमुक्त घोषित किए जाने की अपील करो, आदि नारो को बुलंद किया। बिटिया तू घर की धरोहर अब हम तोहफा पढ़उब श्यामकली, नेवरसा, शांति देवी ने सोहर गीत गाये। शबनम, सुनीता, आकृति, सुषमा, पूजा, उर्मिला, मन्नू देवी, विनिता, रूचि, गीतादेवी, चांदनी, मालती देवी, कुसुम कली आदि के साथ सैकड़ों की संख्या में भागीदारी रही। जवाहर कालेज जारी पहुंच कर सभा समाप्त की गयी।

# कवि सम्मेलन में फागुनी गीतों पर झूमे श्रोता

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के टोंस नदी के किनारे स्थित लोंहदी गांव में वसंतोत्सव महोत्सव के तहत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में मौजूद श्रोता लोग कवियों के काव्य पाठ व गीत रचनाओं को सुनकर मंत्रमुग्ध रहे। वही हास्य व व्यंग्य कवियों ने लोगों को खूब गुदगुदाते व हंसाते रहे । और मौसमी गीतों पर लोगों की ओर से खूब ठहाके भी लगाए गए । और कवियों ने जमकर खूब तालियां भी बटोरी। गीतकार बिपिन बिहारी तिवारी की ओर से प्यार के खेल में उम्र की रेल में दौड़ते रह गए की रचना की प्रस्तुति पर खूब वाहवाही लूटी। वही कवियत्री विभा सिंह की ओर से मां की ममता और अर्चना सिंह की ओर से पिता की क्षमता नामक रचनाओं पर लोग द्रवित रह गए । सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के सहित सरस्वती गायन से हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



के रूप में मौजूद रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने कला व साहित्य पर प्रकाश डालते हुए गीत कारों के गायन की प्रशंसा की। और उन्होंने तमसा नदी की विशेषता भी बतायी । सम्मेलन में मौजूद कवियों में लाल जी देहाती बिहारी लाल अंबर ठाकुर इलाहाबादी अजय प्रेमी संदीप शरारती नीरज निमोर्ही सत्येंद्र सजग आलोक कपिनाथ अतुल तिवारी कवियत्री विभा सिंह व अर्चना सिंह का आयोजक व संयोजक की ओर से अंगवस्त्रम् भेंट कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी तिवारी व संचालन कवि राम किशोर तिवारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक कवि एवं गीतकार विपिन बिहारी तिवारी सहसंयोजक अमित तिवारी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर तारकेश्वर तिवारी राजेश तिवारी राजेंद्र प्रसाद शुक्ल शिवम तिवारी आनंद उपाध्याय सुशील ओझा विनय शुक्ल प्राण नाथ तिवारी जय शंकर पांडेय श्याम नारायण तिवारी भइयन शुक्ल उमाशंकर यादव निशांत तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोनों मामलों में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया सारी निवासी राम कैलाश पुत्र दयाराम का आरोप है कि दबंगों ने उसकी दीवार गिरा दिए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। राम कैलाश ने मऊआइमा थाने में चन्द्र पाल ,मनोज ,प्रिंस, अमृत लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम गोपालापुर में शबनम बानों पत्नी तौफीक अहमद का आरोप है कि विपक्षी घर में घुस कर मारे पीटे गृहस्थी का सामान तोड दिए जान से मारने की धमकी दिए। शबनम ने मोहम्मद हफीज, मोहम्मद एनुल, मोहम्मद कैफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## मऊआइमा में अराजकता तत्वों का बोलबाला, दूसरों की जमीन पर कर रहे कब्जा!

### बाहरी भूमाफिया खुलेआम करते हैं असलहों का प्रदर्शन, पकडे जा चुके हैं कई अन्तर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में बाहरी अराजक तत्वों के आने से कस्बे का माहौल खराब हो रहा है।अपराधी प्रवृत्ति के लोगों ने भाडे का कमरा और मकान बना कर निवास करने लगे हैं। गैर कानूनी कार्य से कस्बा के शांति मय माहौल को खराब करने पर तुले हैं। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा हमेशा से शांति मय माहौल रहा है।यहां अधिकांश लोग कपडे के व्यवसाय से जुडे हुए हैं। बहुत से लोगों का परिवार यहां रहता है और घर के अभिभावक महाराष्ट्र, खलीज के देशों एंव सरकारी नौकरी करते हैं। यहां के मूल निवासियों को तनिक भी फुर्सत नहीं रहता सभी कारोबारी हैं। बताते हैं कि विगत माह मोहल्ला अबूहलीम पटटी में खुलेआम असलहों का प्रदर्शन कर जबरियन एक घर में बाहरी तत्वों ने कब्जे की कोशिश की। परंन्तु असफल रहे। जिसमें मुकदमा बाहरी लोगों के खिलाफ दर्ज है।इसके अलावा विगत माह नगर पंचायत के तीन बत्ती पर कार सवार बदमाशों ने असलहों का प्रदर्शन करते हुए नंगा नाच करते हुए एक युवक को पीट रहे थे। लोगों के एकत्रित होते ही फरार हो गए। जिसमें भी मुकदमा दर्ज किया गया है।इसके पूर्व स्टेशन रोड पर अराजकतत्वों ने एक जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। बताते हैं कि नगर पंचायत के घनी बस्ती में जमीन लेकर बाहरी तत्वों ने मकान बना लिए हैं। वह क्या करते हैं कोई कुछ नहीं बता सकता है। बल्कि लोगों ने बताया कि हमेशा नई नई वाहनों से आते जाते रहते हैं। गौर तलब हो कि दो फरवरी 2019 को लखनऊ की स्पेशल टीम के प्रभारी प्रयागराज के एस एस पी को बताया था कि मऊआइमा कस्बे में अवैध टेलीफोन इक्सचेंज लगा कर अन्तर्राष्ट्रीय कॉल हो रही है।जिसमें लखनऊ इन्टेलिजेंस विंग की टीम ने मोहल्ला अबूहलीम पटटी में भाडे के कमरे में चल रहे राष्ट्र विरोधी एंव हवाला कारोबार करते हैं और सरकार को लाखों का राजस्व का हानि पहुंचा रहे हैं। छापामारी कर विजलेंस टीम ने अस्सी सिम, विभिन्न प्रकार की मशीनें चार लाख-67 हजार रुपये नगदी के साथ चार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसमें सभी बाहरी लोग ही शामिल थे। एक भी नगर पंचायत क्षेत्र के नहीं थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि फिर बाहरी लोगों के आने से यहां खौफ का माहौल व्याप्त है।

## न्यूज झरोखा

### नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में प्राचार्य एवं शिक्षकों ने होली खेला



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में शनिवार को प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह रखा गया। शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बड़े धूमधाम के साथ होली से पहले होली मिलन त्योहार मनाया। इस अवसर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने कहा कि होली का त्योहार एकता अखंडता भाईचारा प्रेम सौहार्द का त्योहार है सबको मिलकर होली मनाना चाहिए। महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्राचार्य एवं अपने सहकर्मियों को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया।इस अवसर पर प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र, बृजेश कुमार यादव, डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, डॉ प्रमोद पांडेय, सुरेंद्र यादव, डॉ ममता यादव, विकास यादव, कुलदीप सोनी, सुनील कुमार, डॉ पवन पांडेय, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज, आयुषी मौर्या, रंजन शर्मा, विजय कांत शुक्ल, ज्ञान प्रकाश ओझा, हर्षवर्धन सिंह, कृष्णराज शुक्ल, वीरेंद्र यादव, लालचंद, अनुज तिवारी, मनोज पांडेय, राकेश तिवारी, विनय दुबे, मातासेवक, धर्मराज, विनय गौड़, रमेश तिवारी, राजकुमार हेला आदि लोग मौजूद रहे।

### विधायक कोराव ने वितरित किया दिब्यांगों को उपकरण



**कोराव।** ब्लॉक मुख्यालय कोरांव में दिब्यांग विभाग द्वारा पत्रों को ट्राई साइकिल, छडी,कान मशीन इत्यादि उपकरण वितरित किए जाने हेतु शिविर लगाया। शिविर में विधायक कोरांव राजमणि कोल ने बतौर मुख्य अतिथि उपकरण बांटे। और सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याण कारी योजनाओं की सराहना किया। विधायक राजमणि कोल के अतिरिक्त जिला दिब्यंग जनअधिकारी प्रयागराज नंद किशोर बीडीओ मुकेश कुमार,विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला संतरा देवी उत्तर दुवेदी,गोरेलाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सहगल फाउंडेशन द्वारा सम्पन्न अन्तर्राष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस



**करछना।** विकास खंड करछना के बरदहा ग्राम सभा में सहगल फाउंडेशन के क्वाडिनेटर लाल बहादुर द्विवेदी की अध्यक्षता में महिलाओं की एक बैठक हुई बैठक को संबोधित करते हुए लाल बहादुर द्विवेदी जी ने कहा कि आज समाज काफी बदलाव की ओर है आए दिन महिलाओं से जुड़ी अनेक घटनाएं सामने आती हैं इसे हमें और आपको मिल कर रोकना होगा अन्तर्राष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस पर मुख्य अतिथि द्वय हरीशंकर मिश्र एस आई वो अर्चना साहू ने भी महिलाओं की सुरक्षा पर अनेक उदाहरण व उपाय अपने सम्बोधन में कहा करछना कोतवाली से आए हरीशंकर मिश्र जी समस्त महिलाओं व उपस्थित लोगों को एक नम्बर नोट करवाया जो जरूरत पर काम आएगा श्री मती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती के पब्रन्धक डा दिनेश कुमार सोनी ने भी महिलाओं पर दिनों दिन बढ़ रहे अपराध पर चिंता जताई डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि महिला कहीं से भी कमजोर नहीं है वह अपने पर आजाएंगी तो दुर्गा काली रानी लक्ष्मीबाई सती अनुसूया सती सावित्री का भी रूप ले सकती है उनकी सुरक्षा हमारा और आपका नैतिक कर्तव्य व जिम्मेदारी है महिला सुरक्षा पर अपना वक्तव्य देने वालों में सुर जीत सिंह मनोज कुमार सिंह अरबिन्द कुमार सिंह अरुण कुमार सिंह आशीष कुमार पटेल रूबी लता किर्ति अंसारी गांव के पुरूष व महिला उपस्थित रहे अन्तर्राष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस पर उपस्थित सभी लोगों ने हाथ उठाकर अपराध रुकवाने में सहयोग करने का संकल्प लिया।

# गंगा महासभा की बैठक मे गंगा यमुना की निर्मलता को लेकर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** गंगा महासभा प्रयागराज के तत्वावधान में गंगा भक्तों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को गंगातट, बंधारोड स्थित मदन वाटिका मे संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय एवं संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक मे गंगा के निर्मलता एवं अविरलता की दशा को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन से माँग की गयी कि प्रयागराज में गंगा व यमुना नदी में गिरने वाले नालों द्वारा सीवेज के पानी को जल्द से जल्द रोकने की व्यवस्था कराना, शोधित जल को गंगा नदी में ना डालकर रेलवे पावर प्लांट व कृषि कार्य हेतु सिंचाई व्यवस्था में उपयोग में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना, गंगा व यमुना नदी तट पर फाफामऊ अरैल व झूसी में विद्युत व लकड़ी के



शवदाहगृहो का जल्द से जल्द निर्माण कराना, गंगा यमुना नदी तट के पक्के घाटों पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति कराना, पक्के घाटों पर शौचालय की व्यवस्था आदि समस्या का त्वरित समाधान को गंगा की स्वच्छता हेतु आवश्यक बताया गया। बैठक मे उक्त मागों को लेकर शीघ्र ही जन जागारुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से महंत रामरतन दास (फलाहारी बाबा), राम मनोहर दास, राजाराम दास, देवेंद्र तिवारी, शक्ति कृष्ण त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी, संजीव गुप्ता, एनपी मिश्रा, कुंवर जी तिवारी, परमजीत सिंह, गुलाब सिंह एडवोकेट, सुजीत बॉस, डॉ राजकुमार श्रीवास्तव, आशुतोष मिश्रा एवं मीना जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# होली एवं शबे बरात को लेकर नैनी कोतवाली में हुई बैठक

**नैनी।** आगामी त्यौहार को देखते हुए नैनी कोतवाली में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में डीसीपी यमुना नगर संतोष कुमार मीणा, एसडीएम करछना गणेश कुमार कनौजिया, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान नगर निगम,विद्युत पुलिस के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, व्यवसायी,पुलिस मित्र उपस्थित रहे। होली और शबेबरात के मद्देनजर क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रखने के लिए दोपहर में हुई पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों से त्योहार के मौके पर आ रही समस्या के बारे में जानकारी ली और तत्काल विभागीय अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर लोगों ने अधिकारियों को बताया कि होलिका दहन 7 मार्च की देर रात में किया जाएगा। डीसीपी संतोष कुमार मीणा ने लोगों से मिल जुल कर त्यौहार मनाने को कहा। इस अवसर पर एसपीओ टीम के उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली रामजी जयसवाल धर्मराज पटेल, विशाल जयसवाल, शुभम प्रजापति, रमेश चंद्र केसरवानी, प्रदीप कुमार, मोहम्मद नसीम, मुनाफ सिद्दीकी, वजी खां ,मो फिरोज आदि एसपीओ टीम के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मोजूद रहें।

### नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज ने लोगों से अपील की त्यौहार शांति से मनाए



## खबर संक्षेप

### आवारा पशु को बचाने ने चली गई दो की जान

**लालापुर।** क्षेत्र के सोनवे गांव के तालाब के पास आवारा पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से बाइक का नियंत्रण खो गया जिससे बाइक सवार तालाब स्थित पत्थर से टकरा गए जिससे दो युवकों की मौत हो गई एक अस्पताल में ज़िंदगी मौत की जंग लड़ रहा है।रविवार देर रात प्रतापपुर गांव से रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे बारा थाना क्षेत्र के बांकीपुर गांव निवासी संदीप उम्र 20 वर्ष पुत्र केशव व गोलू 22 वर्ष पुत्र राजेंद्र उर्फ बड़कऊ एवं दिनेश उर्फ बाबा उम्र 20 वर्ष प्रतापपुर गांव से अपने रिश्तेदार के घर से वापस बांकीपुर जा रहे थे घर से दो किलोमीटर दूर सोनवे गांव के समीप अचानक आवारा पशुओं का झुंड सड़क पर आ गया जिससे बाइक सवार बाइक सहित तालाब के किनारे स्थित पत्थर से टकरा कर घायल हो गए।राहगीरों ने घायलों की सूचना उनके परिजनों सहित एंबुलेंस को दे दिया।जिस पर एंबुलेंस जसरा सीएचसी लेकर गई जहां डाक्टरों ने गोलू व दिनेश को मृत घोषित कर दिया ।घटना की जानकारी से घर में कोहराम मच गया।

# 22 दुकानों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

## लिया खोये का सैंपल , विभाग की छापेमारी में 20 किलो खोया नष्ट

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। रविवार को भी टीम ने शहर से लेकर गांव तक छापेमारी अभियान चलाया। 22 दुकानों पर छापेमारी कर 22 सैंपल लिए गए जो जांच के लिए राजकीय लैब भेज दिया गया है। सबसे ज्यादा सैंपल खोया का लिया गया। अल्लापुर स्थित खुशी स्वीट हाउस पर पहुंची टीम ने छापेमारी की। वहां 20 किलोग्राम खोया दूषित और खराब पाया। टीम ने तत्काल खोये को नष्ट करा दिया। सैंपल जांच के लिए भेज दिया गया। सहायक खाद्य आयुक्त ममता चौधरी ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सैंपलों की जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होगी।

### इन दुकानों पर की गई छापेमारी

हीरा ट्रेडर्स मुठ्ठीगंज, फूलचंद्र शुक्ला, जसरा बारा, संतोष शुक्ला शंकरगढ़ बारा, रतन केसरवानी जसरा बारा, पवन कुमार गुप्ता कीडगंज, विकास दुग्ध डेयरी अकबरपुर मीरजापुर, खुशी स्वीट बाघंबरी रोड, शिवम यादव फूलपुर बाजार, अनिल कुमार कौड़िहार खोया मंडी, सुधीर कुमार साहू थरवई, खादिम स्टोर साउथ मलाका, राहुल किराना स्टोर शाहापुर, रंजना गुप्ता कीडगंज, विनोद कुमार पाल सिविल लाइंस, दिलीप जायसवाल फूलपुर, श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार अल्लापुर, पवन गुप्ता कीडगंज, स्मार्ट प्वाइंट साउथ मलाका, विनोद कुमार कुशवाहा शिवराजपुर, सुजीत केसरवानी बलुआघाट व विनोद कुमार बलरामपुर बरेठी।

### मेजा में गंगा नदी में उतरता मिला युवक का शव, ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

**प्रयागराज।** मरेजा के छटवा गंगा घाट पर सप्ताह भर में दूसरा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुची पजलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना को लेकर मृतक के स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।सिरसा चौकी के अंतर्गत छतवा बिजौरा गांव के रामपाल निषाद के चार पुत्रों में सबसे बड़े पुत्र बबलू निषाद ( 34 वर्ष) मछली पकड़ने का कार्य करता था। प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी बबलू घर से मछली पकड़ने के लिए निकला था। परंतु देर शाम तक को घर नहीं पहुंचा घरवालों ने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों में पता किया। परंतु कोई खबर ना मिल पाने के कारण घरवालों ने यह सोचा की किसी के साथ कहीं चला गया होगा परंतु रविवार को सुबह सिरसा के छतवा, मुर्दा घाट पर शव मिलने की सूचना मिली तो बबलू निषाद के रूप में पहचान किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सिरसा जगदीश कुमार और थानाध्यक्ष मेजा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



## उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स-यूनियन का तहसील परिसर में धरना

**प्रयागराज।** प्रदेश भर में आशा व आशा संगिनी का छः छः माह का मानदेय बकाया रहता है। जिससे आशा व आशा संगिनी भुखमरी के कगार पर पहुंच जाती हैं। वर्षों से दस्तक कुष्ठ रोग टीवी खसरा, रुबैला, फाइलेरिया, आयुष्मान कार्ड बनवाने जैसे कार्य हेतु कोई प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाती।कोविड प्रोत्साहन राशि में से भी लूट खसोट की जाती है। इन्हीं सब मुद्दों पर धनूपुर, सैदाबाद, प्रतापपुर की आशा बहुओं ने सरकार को संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित एसडीएम सार्थक अग्रवाल को सौंपा। प्रमुख मांगों में आशा व आशा संगिनी को 6700 व 11000 रुपए की दर से मानदेय व अन्य कार्यों की प्रोत्साहन राशि जिला कोषागार से भुगतान करने की गारंटी सभी आशा वर्कर्स को 21000 रुपए के न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाए। पेंशन व ग्रेच्युटी के भुगतान वर्ष 2022 में दुर्घटना में जान गंवाने वाली आशाओं को 20 लाख मुआवजा 3 वर्ष के अंतराल पर स्थानांतरण भुगतान के नाम पर होने वाली लूट को रोकने हेतु निगरानी तंत्र बनाया जाए आदि मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें मुकेश विश्वकर्मा, अशोक सिंह,बबिता सिंह, माला देवी, ममता यादव, सीता देवी, बबिता, फूला देवी, पूनम देवी, शिव कुमारी, बानो,निलम , सविता, किरन, देवानंद, गीता रेखा , संगीता देवी, नीशा देवी , पिन्टू कुमारी, विमला देवी, संगीता देवी आदि कई दर्जनों आशा वर्कर्स उपस्थित रही।

# शास्त्री पुल पर चलती पिकअप में लगी आग

## झूंसी से प्रयागराज जाते समय हुआ हादसा, लगा रहा जाम

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शास्त्री पुल के दारागंज थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह चलती पिकअप में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते पिकअप धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। तब तक गाड़ी का काफी हिस्सा जल चुका था। हादसे के कारण शास्त्री पुल पर यातायात ठप रहा।रविवार की सुबह तकरीबन साढ़े आठ बजे एक पिकअप ईंट लादकर झूंसी होते हुए प्रयागराज की ओर जा रही थी। पिकअप में चालक के अलावा दो मजदूर भी सवार थे। शास्त्री पुल के पास पहुंचते ही अचानक पिकअप में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण पिकअप में आग लगी थी। चलती गाड़ी में आग लगने पर चालक और मजूदरों ने किसी कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पुलिस के साथ-साथ फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ देर की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग की लपटों पर काबू पाया। तब तक पिकअप का आधे से ज्यादा हिस्सा जलकर राख हो चुका था। हादसे के कारण कुछ देर यातायात ठप रहा। कुछ देर बाद मौके पर क्रेन मंगाकर पिकअप को वहां से हटाया गया। तब जाकर यातायात सुचारू हो सका।

### शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**प्रयागराज।** धार कासगंज कोतवाली अंतर्गत अलोप शंकरी मंदिर के पास एक मकान में शनिवार की रात आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया। मकान में रखे मिट्टी के बर्तन, पत्तल, दोना आदि सामान आग की जद में आकर जल गए।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें देखकर आस-पड़ोस के लोग भी दहशत में आ गए थे। लेकिन फायर ब्रिगेड की सक्रियता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे अगल-बगल के लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। दारागंज अलोप शंकरी मंदिर के पास अलोपीबाग निवासी सरोज गुप्ता के पति की मौत हो चुकी है। वह अपने एक बेटे और दो बेटियों के साथ रहती हैं। घर के ग्राउंड फ्लोर पर वह मिट्टी के बर्तन और दोना पत्तल की दुकान चलाती हैं। दूसरे तल पर उन्होंने गोदाम बना रखा है। शनिवार रात में अचानक से ऊपरी हिस्से में धुआं उठने लगा। सरोज गुप्ता की निगाह पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक दोना पत्तल में आग पकड़ ली। आग की लपटें उठने लगी। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग की लपटों पर काबू पाया।सरोज गुप्ता के मुताबिक, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट है। आग में करीब तीन से चार लाख रुपए का नुकसान बताया गया।

# शराब पीने से मना करने पर भाजपा नेता ने ढाबा संचालक को जड़ दिया थप्पड़

## सीसीटीवी में घटना हुई कैद

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र घूरपुर के सरंगापूर रीवा राजमार्ग स्थित एक ढाबा संचालक का भाजपा नेता ने इस बाद पर थप्पड़ जड़ दिया कि संचालक ने उन्हें शराब पीने से मना कर दिया था। थप्पड़ मारने की घटना ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। रविवार को थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नेता जी का गनर भी उसमें खड़ा दिखाई दे रहा है। संचालन की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।घूरपुर थाना अंतर्गत सारंगापुर स्थित रीवा राजमार्ग पर पुराना बाबा का ढाबा है। ढाबा संचालक सारंगापुर गांव निवासी राज भूषण मिश्रा उर्फ घंटी पुत्र भागीरथ मिश्रा हैं। राज भूषण के अनुसार शुक्रवार रात खुद को प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य एवं लघु उद्योग मंत्री तथा शहर पश्चिमी विधायक डॉ. सिद्धार्थ नाथ सिंह का पीआरओ बताने वाले बीजेपी नेता राजू राय अपने सरकारी गनर और दो-तीन ने लोगों के साथ ढाबे पर आए।

### ढाबा संचालक ने थाने में की शिकायत

संचालक के अनुसार वह ढाबे के अंदर बैठ कर दारु पीना चाह रहे थे, जिसके लिए संचालन ने साफ मना करते हुए उनसे माफी मांगी। लेकिन लोगों के बीच नेता जी की इमेज खराब होने पर वह उखड़ गए और गाली गलौज करने लगे। लोगों के समझाने बुझाने पर वह शांत हुए। ढाबे पर खाना खाने के बाद जब कर्मचारियों ने उन्हें बिल दिया तो वे फिर भड़क गए यही नहीं गाली गलौज करते हुए काउंटर पर बैठकर बिल बना रहे ढाबा मालिक राजभूषण को उन्होंने थप्पड़ जड़ दिया ।भाजपा नेता की यह गुंडई वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस वीडियो में भाजपा नेता का सुरक्षा कर्मी भी उनके साथ खड़ा दिखाई पड़ रहा है। शनिवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। राजभूषण मिश्रा ने सीसीटीवी फुटेज के साथ घूरपुर थाने में इसकी लिखित शिकायत की है। थाना प्रभारी घूरपुर अश्वनी कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जेल में बन्द अतीक के बेटे अली की बढ़ी बेचैनी

## 3 मार्च को अधिवक्ताओं की टीम ने की मुसाकात, पूछे कई सवाल

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** एक करोड़ की रंगदारी और धमकी देने के मामले में नैनी सेंट्रल जेल में बंद माफिया अतीक के दूसरे नंबर के बेटे मोहम्मद अली की सलाखों के पीछे इन दिनों बेचैनी स्पष्ट देखी जा सकती है। वह अपने बैरक में दिन भर परेशान रहता है।3 मार्च को उससे मिलने के लिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल नैनी के पास 3 अधिवक्ताओं की टीम ने एक पत्र भेजा था। छानबीन के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने तीनों अधिवक्ताओं को मोहम्मद अली से मिलने की अनुमति दी थी। तीन अधिवक्ता दोपहर में मोहम्मद अली से मिलने अंदर पहुंचे थे। करीब आधे घंटे की मुलाकात के दौरान अधिवक्ताओं ने अली के मुकदमे से संबंधित बातचीत की, लेकिन अली सिर्फ असद उमेश पाल हत्याकांड और परिवार के बारे में जानने के लिए बेचैन दिखा।

### नैनी सेंट्रल जेल से ट्रांसफर किए जाने की सूचना से भी घबराया हुआ है अली

इधर पिछले सप्ताह से अली के जेल ट्रांसफर की चचाएं भी सोशल मीडिया पर खूब चल रही है। जिससे अली के अंदर डर भी समाया हुआ है। उसकी परेशानी के सबसे बड़ी वजह यह भी है कि 12 दिन से उससे मिलने के लिए जेल कोई नहीं गया है। 3 मार्च को तीन अधिवक्ता जब उससे मुलाकात करने पहुंचे तो उसके चेहरे के भाव भंगिमा बदल गई थी। यही वजह थी कि वह वकीलों से अपने मुकदमे से संबंधित बात से ज्यादा उमेश पाल हत्याकांड और असद के बारे में बात कर रहा था।

### उमेश पाल हत्याकांड में असद का नाम आने के बाद से बदल गया है हाव-भाव

अली को जाने वाले जेल के अंदर के कैदियों का कहना है कि पहले वह जितनी निश्चिंतता के साथ रहता था। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से वह निश्चिंतता गायब हो गई हाव-भाव में भी बदलाव है। चिंता की लकीरें उसके माथे पर स्पष्ट झलक रही है। उसे डर है कि कहीं उसके भाई या परिवार के किसी अन्य सदस्य का पुलिस एनकाउंटर न कर दे। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अली से मिलने तीन अधिवक्ता आए थे। जिन्होंने लिखित एप्लीकेशन देकर मिलने की अनुमति मांगी थी। उन्हें आधे घंटे की मुलाकात की अनुमति दी गई। अभी जेल ट्रांसफर की लिखित सूचना हमारे पास तक नहीं आई है। बाकी जो शासनादेश होगा, उसके अनुसार अनुपालन कराया जाएगा।

## उमेश हत्याकांड : 5 शूटर्स पर ढाई-ढाई लाख का इनाम, 8 दिन बाद भी नहीं चल सका पता

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के पांच आरोपियों पर इनाम राशि बढ़ाकर ढाई-ढाई लाख कर दी गई है। पहचान होने के बावजूद 8 दिन बाद भी इस हत्याकांड के 5 शूटरों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इनमें अतीक अहमद का बेटा असद भी है। सूत्रों के मुताबिक, क्राइम ब्रांच और रळ्त्रकी रडार पर 20 हजार मोबाइल नंबर हैं। अतीक अहमद गैंग से जुड़े 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है।लेकिन, अब तक कुछ भी ठोस नहीं मिल पाया है। कुछ इनपुट मिले हैं कि बदमाश वारदात के बाद दो घंटे तक प्रयागराज में ही थे। फिर यह बात सामने आई कि बदमाश फॉर्च्यूनर से भागे हैं। फिलहाल, पुलिस की तरफ से ऐसी कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई। वहीं, अतीक के दोनों नाबालिग बेटों का पता चला गया है। वह सुधार गृह में बंद है। एक को एनकाउंटर में किया ढेर : इस हत्याकांड में पुलिस ने 27 फरवरी को एक बदमाश अरबाज को एनकाउंटर में मार गिराया। दावा किया कि अरबाज शूटरों को कार से घटनास्थल पर ले गया था। फिर वारदात के बाद वापस चकिया लेकर आया था। 27 फरवरी को सुलेमसराय के नेहरू पार्क के पास अरबाज का एनकाउंटर किया गया था। वहीं दूसरी कार्रवाई में मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल से सदाकत खान को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि इसी के कमरे में हत्याकांड की पूरी साजिश रची गई थी। 50 हजार था इनाम, अब ढाई-ढाई लाख रुपए किया : 24 फरवरी को उमेश पाल और उनके दो गनर की हत्या में जिन 5 शूटरों की पहचान हुई है। उनमें अतीक का बेटा असद, शूटर गुडूड मुस्लिम, शूटर गुलाम, शूटर साबिर और शूटर अरमान हैं। हत्याकांड से जुड़े जो फुटेज पुलिस को मिले हैं या जारी किए गए हैं। इनमें इन सभी का चेहरा दिख रहा है। प्रयागराज पुलिस ने सभी शूटरों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया था। इनाम राशि को बढ़ाने के लिए शासन को लेटर लिखा गया था। इसके बाद डीजीपी डीएस चौहान ने इनाम राशि बढ़ाकर ढाई-ढाई लाख रुपए कर दी है।

### कर्म व युद्ध कौशल और दानवीरता के क्षेत्र में भी धनी थे गुरु गोविंद सिंह जी : प्रो. ऋषि कांत

**प्रयागराज।** हिंदुस्तानी अकादमी में, उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के तत्वाधान में गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य वक्ता बृजेंदर पाल सिंह सहित इविवि के दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषि कांत पांडेय और जगदीश कौर रहीं। इस कार्यक्रम में सिख समुदाय के साथ अन्य धर्मों के भी बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे। जहां पर सभी उपस्थित सभी वक्ताओं ने बारी बारी से गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन संघर्षों पर व्याख्यान दिया। कर्म ,युद्ध कौशल और दानवीरता के क्षेत्र में भी धनी थे गुरु गोविंद सिंह जी : इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. ऋषि कांत पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के ऊपर जो व्याख्यान माला चल रहा है। यह सिर्फ व्यक्ति विशेष और समाज के लिए नहीं होता बल्कि पूरे मानवता के कल्याण के लिए हो रहा है। क्योंकि जो आध्यात्मिक पुरुष होते हैं वह किसी संस्था, किसी जाति और किसी धर्म में बंधे नहीं होते हैं, बल्कि पूरे मानवहित और मानव कल्याण की चर्चा करते हैं ऐसे गुरु गोविंद सिंह जी थे। व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे।जिनके आचरण व्यक्तित्व और कृतित्व को यदि अपने जीवन में धारण करते हैं निश्चित रूप से एक अच्छे समाज और एक राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है।

# विश्व महिला दिवस : स्वस्थ्य महिला स्वच्छ भारत थीम के तहत साइकिल रैली का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर 3 से प्रातः 7:00 बजे विश्व महिला दिवस पर स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत थीम के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया ।साइकिल रैली हिंदू हॉस्टल चौराहा –धोबी घाट चौराहा –सुभाष चौराहा– पत्थर गिरजाघर– प्रधान डाकघर होते हुए पुनः धोबी घाट चौराहा –महाराणा प्रताप चौराहा –ट्रैफिक चौराहा होती हुई मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। इस रैली का आयोजन शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए किया गया। रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा अधिकारी एवं इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। स्वास्थ्य विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने स्वयं पूरे रूट पर साइकिल चलाई।इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुबोध जैन सचिव डॉ आशुतोष गुप्ता महिला विंग की अध्यक्ष डॉक्टर चित्रा पांडे सचिव डाक्टर तरू पाण्डे एवं अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सक जिनमें डॉक्टर युगांतर पांडे, डॉ अतुल दुबे, डॉ अर्चना जैन, डॉक्टर जयवर्धन राय, डॉ अनुराधा वर्मा इत्यादि रहे ।रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्येंन राय, डाक्टर तीरथ लाल, डॉक्टर आर के श्रीवास्तव, डॉ रावेन्द्र सिंह, डॉ उत्सव सिह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सम्मिलित हुए। इस रैली में प्रथम स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपा, द्वितीय स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदनी तथा तृतीय स्थान पर शिवानी रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉ आशु पांडे ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।सभी प्रतिष्ठित चिकित्सकों को मोमेंटो देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज ने सम्मानित किया ।रैली के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सीएमओ प्रयागराज ने धन्यवाद दिया।

# धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

## पूर्व विधायिका नीलम करवरिया रहीं मौजूद

अखंड भारत संदेश




**मेजा रोड।** मेजा ब्लॉक में धूम धाम से मनाया गया होली मिलन समारोह। बता दें कि मेजा ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख गायत्री मिश्रा द्वारा होली मिलन समारोह क्रायक्राम आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि नीलम उदयभान करवरिया (मेजा पूर्व विधायक) रही, नीलम करवरिया ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मेजा ब्लॉक में अबीर गुलाल से होली खेली गई, कितने सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की बधाइयां दी।मंच का संचालक कर रहे अनिल शुक्ला ने होली में आने वाले सभी गणमान्य लोगों को अपने वक्ता से मंत्र मुक्ध किया। कार्यक्रम के अंत में प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा ने सभी से होली खेल कर कार्यक्रम का समापन किया। उक्त कार्यक्रम में नित्यानंद उपाध्याय, अमरेश तिवारी, विकास शुक्ला, मनीष शुक्ला, अनिल पांडे, राजीव तिवारी, सोनू शुक्ला, धीरज दुबे, सहित मेजा के समस्त बीडीसी,ग्राम प्रधान सहित ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेजा विधानसभा की कार्यशाला लखनपुर में संपन्न

**मेजा रोड।** मेजा विधानसभा की कार्यशाला लखनपुर गांव स्तिथ राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कालेज मे संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता जिले के महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य जी विशिष्ट वक्ता जिले के मंत्री नाथू गुप्ता जी, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कामेश्वर पटेल जी व संचालन जिला संयोजक अमरेश तिवारी ने किया.... कार्यशाला मे मंडल अध्यक्ष डिघिया अखिल शुक्ला, मांडा मंडल अध्यक्ष जीतनारयण श्रीवास्तव जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेस्वरी तिवारी जी मेजा मंडल के महामंत्री राजीव तिवारी, भगवानदास केशरी, सुभास पयासी जी, जय शंकर पाण्डेय जी, वीरेंद्र मिश्रा जी, सुधाकर शुक्ला जी, श्यामराज यादव जी आदि लोग उपस्थित रहे।

# लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता को जारी किया कारण बताओ नोटिस

## डीएम ने विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं 50 लाख रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। निःशुल्क बोरिंग की समीक्षा में पाया गया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत 4000 निःशुल्क बोरिंग का लक्ष्य माह दिसम्बर 2022 में प्राप्त होने के उपरान्त अब तक संज्ञान में न लाये जाने तथा माह जनवरी के प्रगति विवरण में प्रस्तुत न किये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

करते हुये लघु सिंचाई के सहायक अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस जारी का निर्देश दिया।

नई सड़कों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रान्तीय खण्ड के सहायक अभियन्ता ने बताया कि गत वर्ष के अवशेष सहित लक्षित 61 सड़कों के सापेक्ष फरवरी तक 28 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाते हुये लक्षित सभी नवीन मार्ग के कार्यो को मार्च तक पूर्ण करे के निर्देश दिये। सामुदायिक शौचालय के समीक्षा में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में निर्मित 1193 सामुदायिक शौचालयों के सापेक्ष 1112 सामुदायिक शौचालय को स्वयं सहायता समूहों को हस्तान्तरित किया जा चुका है, आंशिक कमियों के कारण 78 सामुदायिक शौचालय हस्तान्तरित नहीं हो पाये है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालयों कीर कमियों को ठीक कराकर जल्द हस्तान्तरित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्रत्येक विद्यालयों पर पेयजल, बालक-बालिका के लिए पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केन्द्र के सुदृढ़ीकरण का कार्य तथा विद्यालयों के बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्राथमिकता पर सुनिश्चित करायें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शहर में पुलिस का फ्लैग मार्च

## एसपी के निदेश पर थानों में हो रही पीस कमेटी की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होली पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले की पुलिस हर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रही है। रविवार को शहर के भंगवा चुंगी से लेकर चैक घंटाघर तक पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, क्षेत्राधिकारी नगर सुबोध गौतम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस जन भंगवा चुंगी पर एकत्र हुए और यहां से चैक घंटाघर तक मार्च पास्ट किया।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देष पर जहां विभिन्न थानों में होली के अवसर पर पीस कमेटी की बैठक कर क्षेत्रीय लोगों से सौहार्द बनाये रखने की अपील की जा रही है, वहीं पुलिस पैदल मार्च कर होली पर चुस्त-दुरुस्त पुलिस व्यवस्था का



शहर में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

एहसास करा रही है। वैसे प्रतापगढ़ में अभी तक साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये कभी कोई समस्या नहीं आई लेकिन पुलिस सतर्क है कि रंगों के इस खुषी के त्योहार में कोई बाधा न पहुंचे, इसलिये पीस कमेटी की बैठक कर तथा फ्लैग मार्च किया जा रहा है। जेठवारा क्षेत्र में भी पुलिस दो-तीन दिन से लगातार फ्लैग मार्च कर रही है। इसी प्रकार की खबरें अन्य थाना क्षेत्रों से आई है।

## अस्पताल में हंगामा, ब्लड बैंक प्रभारी को मिली धमकी

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज में ब्लड लेने गए कुछ लोगों ने किसी बात पर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने ब्लड बैंक प्रभारी को फोन करके रात में जगाया और फोन पर देख लेने की धमकी दी है। इस प्रकरण की पूरी जानकारी प्रिंसिपल को दी गई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कही है। बताया जाता है कि आधी रात को कुछ लोग ब्लड बैंक रक्त लेने गए हुए थे। ब्लड बैंक से मिली जानकारी के अनुसार वे लोग जिस ग्रुप का ब्लड चाह रहे थे। वह बैंक में उपलब्ध नहीं था। मरीज के तीमारदार ब्लड के लिए दबाव बनाने लगे। बात नहीं बनी तो उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। ब्लड बैंक की प्रभारी को फोन लगाकर उल्टी सीधी बातें की गई। प्रभारी का आरोप है कि उन्हें लोगों ने फोन से धमकी भी दी है। इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि ब्लड बैंक में रात को कुछ लोग गए और हंगामा शुरू कर दिए। वे लखनऊ में हैं। आने पर इस प्रकरण की जांच करेंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जहां पर नारियों की पूजा होती है, वहॉ पर देवता करते हैं निवासः अपर जिला जज

## दीवानी न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के प्लान ऑफ एक्शन एवं 04 मार्च से 11 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में दिये गये निदेर्शो के अनुपालन एवं जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जिला दीवानी न्यायालय परिसर में महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अपर जिला जल/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला जज ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जाना हैं, उन्होने कहा कि जहां पर नारियों की पूजा



विधिक जागरुकता कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

महिला सप्ताह का शुभारम्भ 04 मार्च से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सप्ताह मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके होती है, वहॉ पर देवता निवास करते है, महिला स्वयं में एक शक्ति है, उसके ऊपर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है। भारत में महिलाओं को भारतीय संविधान के अन्तर्गत समान रूप से शिक्षा, मतदान करने का अधिकार और मौलिक अधिकार प्राप्त है। उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को द0प्र0सं0, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872, घरेलू हिंसा से महिलाओं संरक्षण अधिनियम 2005, दहेत प्रतिषेध कानून 1961, पाक्सो एक्ट 2012 आदि अधिनियमों में महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में दिये गये प्रावधानों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल एकता दूबे द्वारा गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी। किरन बाला सिंह द्वारा महिलाओं के अधिकारों एवं मीडिऐशन के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में तजीन फातिमा, मध्यस्थ अधिवक्ता मिनी शुक्ला, ममता पाण्डेय, पैनल अधिवक्ता ज्योति शुक्ला, एडवोकेट मीडिऐटर विश्वनाथ त्रिपाठी, रमाकान्त दूबे एवं पैनल अधिवक्तागण व महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, सुरेन्द्र कुमार सरोज, राम प्रकाश पाण्डेय, रूप नारायण सरोज पैनल अधिवक्ता पीएलवी गण एवं अनिल कुमार मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, अजय कुमार शर्मा एवं अन्य अधिवक्तागण आदि उपस्थित रहे।

## ऐंठू में किसानों को किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू अवधेशपुरम कालाकांकर में आशुतोष विश्वकर्मा व प्रदीप कुमार द्वारा फसल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



जागरुक कार्यक्रम में मौजूद किसानगण

जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल सुरक्षा व कीटनाशक दवाइयों को सुरक्षात्मक तरीके से प्रयोग करने हेतु जागरूक करना। आशुतोष विश्वकर्मा ने किसानों को कीटनाशक सुरक्षा के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही सभी किसानों को निःशुल्क सुरक्षा किट वितरित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने कृषि क्षेत्र में पी0पी0पी0 माडल के महत्व को बताया साथ ही डा0 भाष्कर शुक्ला ने कीटनाशक स्प्रे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में कुल 70 किसानों ने सहभागिता की। इस मौके पर डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, भाष्कर शुक्ला, डा0 अवधेश सिंह, डा0 अमित बरनवाल, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, विनोद चैरसिया, जुगुल किशोर तिवारी, रविशंकर, जी0 आर0 पटेल उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावियों का दिखा हुनर, हुए पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बाबागंज के पूरे बुद्धीधर स्थित बीडीएस पब्लिक स्कूल मे शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी मे मेधावियो ने वॉटर मैनेजमेण्ट समेत विविध प्रदर्शनियो की सराहनीय प्रस्तुतियां देकर अतिथियो व अभिवावको को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओ द्वारा तैयार की गयी वैज्ञानिक प्रदर्शनियों का अतिथियो ने अवलोकन कर सराहना की। प्रतियोगिता मे मानव हृदय मॉडल पर प्रथम स्थान सुहानी और प्रशांत तथा ऐलीफैंट टूथपेस्ट प्रदर्शनी पर निहाल एवं रचित को द्वितीय स्थान एवं वॉटर मैनेजमेण्ट मे आराध्या को तृतीय स्थान मिला। बतौर मुख्यअतिथि अमरेन्द्र नाथ मिश्र तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पाण्डेय ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनकी हौसला आफजाई की। मुख्य अतिथि अमरेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि छात्र छात्राओं के मानसिक विकास व बौद्धिक क्षमता मे बढोत्तरी के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं अपरिहार्य है। विद्यालय की संरक्षिका निशा द्विवेदी ने ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के द्वारा इन सफल प्रदर्शनियो को मेधा के क्षेत्र मे ज्ञानवर्धक ठहराया। बतौर विशिष्टअतिथि बीडी इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य देवेन्द्रमणि तिवारी ने भी मेधावियों के प्रदर्शन को उत्कृष्ट बताया। इस मौके पर प्रवक्ता रवि शुक्ला ने भी आधुनिक युग मे विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## अटठाईस मार्च को होगा लालगंज मे संयुक्त अधिवक्ता संघ का चुनाव, बढ़ी सरगर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के होने वाले चुनाव कार्यक्रमों का भी शनिवार को ऐलान किया गया। चुनाव समिति के द्वारा कार्यक्रमों की घोषणा होते ही तहसील मे चुनावी सरगर्मी तेज हो उठी दिखी। संघ के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी अटठाईस मार्च को होगा। लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो का चुनाव अटठाईस मार्च को प्रातः आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक कराया जाएगा। चुनाव परिणामो की घोषणा भी इसी दिन मतगणना कराकर की जाएगी। यह जानकारी देते हुए चुनाव समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह ने बताया कि अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण सत्ताईस मार्च को कराया जाएगा। वहीं सत्रह एवं अठारह तथा बीस मार्च को नामांकन, इक्कीस मार्च को जांच तथा तेईस मार्च को नामांकन पत्रों की वापसी की प्रक्रिया सुनिश्चित होगी। उन्होनें बताया कि सोलह मार्च को अंतिम मतदाता सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह, अजय कुमार शुक्ल गुडडू, राजेन्द्र मिश्र, केबी सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, रामलगन यादव, देवी प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, राव वीरेन्द्र सिंह, टीपी यादव, वीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# वेतन न मिलने से शिक्षक संघ बीईओ से नाराज, डीएम से शिकायत

## सदर और रामपुर संग्रामगढ़ के टीचरों ने ट्रेजरी में नहीं भेजा गया वेतन बिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर और रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के प्राथमिक शिक्षकों का वेतन बिल समय से ट्रेजरी में न प्रेषित किए जाने से खफा जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने दोनो खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। संघ ने इसकी शिकायत डीएम से करते हुए इसकी जांच की मांग की है।

होली के पहले टीचरों को वेतन मिल जाए। शासन की इस मंशा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी 16 ब्लाकों (नगर सहित) के खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने लगन से वेतन बिल तैयार कराके उसको ट्रेजरी में लगा दिया है। सदर और रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी शासन की मंशा पर खरे नहीं उतरे।

संघ के नेताओं का आरोप है कि दोनो की लापरवाही और उदासीनता के कारण बिल नहीं भेजा जा सका। इसका खामियाजा दोनो ब्लाकों के टीचरों को भुगतना पड़ेगा। उनकी होली फीकी हो सकती हैं।संघ के जिला अध्यक्ष रमा शंकर शुक्ला और जिलामंत्री विनय सिंह ने जिला अधिकारी को लिखे पत्र में दोनो अधिकारियों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। वेतन बिल क्यों नहीं प्रस्तुत किया जा सका इसकी जांच की मांग की है।



मां सरस्वती के चित्र पर पूजन करतीं सिविल जज प्रयागराज मनाली चंद्रा

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ शारीरिक एवं रंगमंचीय कार्यक्रम

### सिविल जज प्रयागराज ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ का शारीरिक एवम रंग मंचीय कार्यक्रम आज विभिन्न शारीरिक एवम रंगमंचीय कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनाली चंद्रा सिविल जज प्रयागराज ने मां सरस्वती के चित्र पर पुशापर्चन एवम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ कियां अध्यक्षता श्री अश्वनी कुमार त्रिपाठी अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता प्रयागराज तथा विशिष्ट अतिथि विजय उपाध्याय क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख रहे। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना फिर सूर्य नमस्कार अंक दौड़ मुस्टिका योग दुग्ध दौड़ सामूहिक योग के कार्यक्रम भैया बहिनों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटी छोटी गैया छोटे छोटे ग्वाल होली गीत पर्यावरण की गीत न काटो मुझे दुखता है को लोगों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम में ईश्वर चंद यादव विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी एन टी पी सी के उप महाप्रबंधक विजयशंकर तिवारी बालकल्याण के मंत्री संजीव आहूजा शरद केसर वानी मुरारी लाल घनश्याम देवेश सिंह आदि उपस्थित रहे अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में शिशु भारती को याद किया और स्वय अपने भी शिशु मंदिर में पढ़ते हुए शिशु भारती के दायित्व को निभाने का बताया और शिशु मंदिर में प्राप्त संस्कारों का वर्णन कर अपने को गौरवानीवित महसूस किया तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों को आज की आवश्यकता बताया आज के बालक के अंदर संस्कार बहुत आवश्यक है बताया प्रधानाचार्य ने परिचय कराते हुए अपने विद्यालय के सभी बच्चो को कार्यक्रमों से जोड़ने की योजना को बताकर प्रबंधक, उपाध्यक्ष, सहब्यवस्थापक के द्वारा अतिथियों को श्रीफल अंग वस्त्र प्रदान का सम्मानित कराया।

# मैजिक कैम्बो से उडेगा अबीर-गुलाल, पिट्ठू रंग बरसाएगी पिचकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर की मुख्य बाजार में होली के अबीर गुलाल व रंग बरसाने के नये-नये तरीके देखने को मिल रहे हैं। इस बार जहां मैजिक कैम्बो से अबीर गुलाल उड़ेगा, वहीं पिट्ठू रंग से भरी पिचकारी रंग बरसा देगी। एक ऐसा प्लास्टिक मैजिक कैम्बो बनाया गया जिसमें अबीर गुलाल भर दिया जाएगा तथा उसे दबाने पर अबीर गुलाल वातावरण को रंग बिरंगा कर देगा।

वहीं रंगों में पिट्ठू रंग की मांग सबसे ज्यादा है। चैक के आसपास ज्यादातर दुकानों में पिट्ठू रंग की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। वैसे पूरी बाजार में पिचकारी, नमकीन, गुझिया सब



चौक घंटाघर के बगल सजी रंगों की दुकानें।

कुछ उपलब्ध है। इस बार दशी घी की भी गुझिया मिठाई की दुकानों पर मिल रही है। देषी घी की गुझिया का दाम 600 रुपये प्रति किलो है। अब ज्यादातर लोग होली का रेडीमेड सामान ला रहे हैं, इसी कारण बाजार में पापड़, नमकीन, गुझिया बड़ी मात्रा में खरीदा जा रहा है।

## आज स्कूलों में उड़ेगा अबीर-गुलाल

**प्रतापगढ़।** स्कूल कालेज सोमवार को खुले हैं। मंगलवार से गुरुवार तक तीन दिन का अवकाष है इसलिये सोमवार को बच्चों द्वारा अबीर-गुलाल उड़ाने की योजना है। इसकी तैयारी बच्चों ने कर ली है। सीबीएसई की परीक्षा भी चल रही है इसलिये ये बच्चे तो ज्यादा होली का मनोरंजन नहीं कर पाएंगे लेकिन यूपी बोर्ड की परीक्षा समाप्त हो गई है। इन बच्चों के लिये होली ज्यादा अच्छी होगी।

## दो आरोपियो के खिलाफ धोखाधडी तथा लोक सम्पत्ति क्षति निवारण का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर सार्वजनिक सम्पत्ति का बैनामा करा लेने पर दो आरोपियो के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी तथा लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मेढावां गांव निवासी भगीरथी यादव पुत्र रामसेवक ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कहा था कि दो आरोपियो ने नया पुरवा स्थित ऊसर खाते की खाली जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लालगंज रजिस्ट्री कार्यालय मे पिछले दस जून को अविधिक बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर गांव मे लोगों मे आक्रोश फैल गया। शिकायत पर एसडीएम ने जांच कराई तो सार्वजनिक सम्पत्ति के बैनामा होने की शिकायत सही पायी गयी। अफसरो के निर्देश पर तहसील के बेलहा क्षेत्र मे तैनात लेखपाल शिवम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी।

# मनुष्य के सत्कर्म का प्रतिफल है भगवान की कथा का श्रवण-पं. विनोद शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप भोजपुर पूरे गुरूबक्श गांव मे हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे शुक्रवार की शाम समापन संध्या मे श्रद्धालुओ का जमावडा दिखा। कथाव्यास कुलगुरू डा. विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि भगवान की कथा के श्रवण का सौभाग्य मनुष्य के सत्कर्म मे निहित हुआ करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा से मैत्री के पवित्र ध्येय को परिभाषित करते हुए यह निरूपित किया कि भक्त की

## पूरे गुरूबक्श मे भागवत कथा में बही ज्ञानगंगा की रसधार

निर्मल श्रद्धा सदैव सर्वश्रेष्ठ है। उन्होने बताया कि भगवान द्वारिकाधीश ने अपने मित्र सुदामा की भक्ति साधना की तपस्या को फलीभूत करते हुए जीवन की संतुष्टि को ही सुफल भी ठहराया। कथाव्यास ने लोगों से कहा कि लालसा को त्याग कर जीवन को संतुष्ट भाव से जीते हुए सदैव सत्कर्म और परोपकार मे निहित रखना चाहिए। कथा मे पधारे पं. रामप्रकाश तिवारी ने श्रीकृष्ण एवं सुदामा के मैत्री परिदृश्य का वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के संयोजक हरिहर नाथ तिवारी एवं शोभा तिवारी ने कथाव्यास का श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक अरूण तिवारी सोनू ने कथाव्यास एवं सत्संग मण्डल के लोगों को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया।

सह संयोजक जय प्रकाश तिवारी, प्रेमप्रकाश तिवारी ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। इस मौके पर पं. कैलाशपति मिश्र, सुरेन्द्र शुक्ल, डा. शीतला प्रसाद तिवारी, शम्भूनाथ तिवारी, देवी प्रसाद शुक्ल, श्याम नारायण मिश्र, छोटे लाल मिश्र, केसरीनंदन शुक्ल, तारा तिवारी, पंकज शुक्ल, पूर्व बीडीसी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केबी सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रमोद शुक्ला, सुनील तिवारी आदि रहे। वहीं भागवत कथा को लेकर शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य हुए हवन पूजन मे भी श्रद्धालु भावविभोर दिखे।

## खबर संक्षेप

### राजू पाल के हत्यारोपी आरोपियों के परिजनों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**माफिया अतीक अहमद के करीबी अब्दुल कवि, उनके परिजनों सहित 11 के विरुद्ध आयुध और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला किया दर्ज**

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में बसपा के विधायक रहे राजू पाल की हत्या के आरोप में 18 सालो से फरार चल रहे माफिया अतीक अहमद के करीबी अब्दुल कवि के ऊपर प्रशासनिक कार्यवाई के दौरान मकान को पुलिस ने धराशाई कर दिया था। पुलिस को अब्दुल कवि के मकान से पुलिस को कई अवैध असलहे, कारतूस, चापड सहित तमाम आपत्ति जनक वस्तुएं बरामद हुई थी। पुलिस ने अब्दुल कवि सहित 11 लोगो पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 3,4,25, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3, 4 व 5 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अब्दुल कवि के अधिवक्ता भाई अब्दुल कादिर, अब्दुल हई, अब्दुल मुगनी, अब्दुल वली, अब्दुल गनी, फौजिया बानो, कनीज फातिमा, बुशरा खातून, शाहीन बानो, फौजिया बानो के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गौशालाओ में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में की बैठक

**चारागाहों में शत-प्रतिशत चारे की बुआई सुनिश्चित कराने के निर्देश, निर्माणाधीन गौशालाओ को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गौशालाओ में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाहों में चारे की बुआई की स्थिति की विकास खण्डवार समीक्षा के दौरान चारागाहों में अपेक्षानुरूप चारे की बुआई न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों ईओ एवं पशु चिकित्साधिकारियों को आ रही समस्याओं का निराकरण कराते हुए आगामी 15 दिन के अन्दर चारागाहों में शत-प्रतिशत चारे की बुआई सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी उन्होने कहा कि चारागाहों में


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी


बैठक मैं उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

नेपियर घास की ही बुआई किया जाय उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को और चारागाह चिन्हित करने के निर्देश दियें। उन्होने निमार्णाधीन गौशालाओ की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने आवारा घूम रहें गोवंशों को भी गौशालाओ में संरक्षित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि गोवंशों के आवारा घूमने की शिकायत न आने पाये। उन्होंने सहभागिता योजना के तहत गोवंशां की सुपुर्दगी के कार्य में भी तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेशानुसार रबी की फसलो की कटाई सन्निकट है, निराश्रित गोवंशां के लिए वर्ष पर्यन्त भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है, इसके लिए भूसा बैंक बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक समिति बनाया जाय, समिति द्वारा दान-दाताओं से दान में भूसा प्राप्त कर संग्रहित कर लिया जाय तथा जन-मानस को प्रेरित कर अधिक से अधिक भूसा दान के रूप में प्राप्त किया जाय, यह अभियान 15 मार्च से 15 मई तक चलाया जाय। उन्होंने कहा कि बड़े दान-दाताओ को सम्मानित करने के साथ ही विभिन्न प्रचार माध्यमों से उनके योगदान को प्रचारित किया जाय जिससे अन्य लोग भी प्रेरणा प्राप्त कर भूसा दान के लिए अग्रसर हो सकें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण रहे।

## पीस कमेटी की मीटिंग में एसओ कोखराज ने कहा उपद्रवियों पर होगी सख्त कार्यवाही

**होली व शबे बारात में मिलजुलकर मनाये त्योहार : एसओ**

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना कोखराज में आज दिनांक 5/03/2023 को होली के त्योहार व शबे बारात के उपलक्ष्य में पीस कमेटी की मीटिंग बुलाई गयी जिसमे सभी ग्राम सभा के प्रधान व क्षेत्रीय गढ़ मान्य लोगों की उपस्थिति में क्षेत्र के बारे में जानकारी ली व सभी लोगों से पूछा गया कि यदि आप लोगों को कही भी कोई दिक्कत नहीं होगी दो पहिया वाहन पर शराब पी कर स्टंट व तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी और चौकी प्रभारी ने भरवारी कस्बे में रोड पर दुकान लगा कर जाम लगा रहे लोगों को चेतावनी दिया कि नियम का पालन करते हुए अपनी दुकानें रोड पर न लगाए यदि नियम का उल्लंघन किया तो होगी कार्यवाही मौके पर चौकी प्रभारी सियकान्त चौरसिया भरवारी ,इंस्पेक्टर राकेश कुमार ,महेंद्र कुमार सिंह,रितेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह,आशीष कुमार,व क्षेत्र के तमाम गढ़मान्य व ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में पीस कमेटी की मीटिंग सम्पन्न हुई।



पीस कमेटी की बैठक करते कोतवाल तथा बैठक में उपस्थित क्षेत्र के लोग

# माफिया अतीक अहमद के करीबी और उसके अधिवक्ता, पुलिस और अध्यापक भाईयो के घर भी चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखंदा गांव में माफिया अतीक अहमद के करीबी और राजू पाल हत्याकांड के फरार आरोपी अब्दुल कवि के भाईयो के घर पर भी प्रशासन ने शुक्रवार को बुलडोजर चलाकर करोड़ो की संपत्ति नष्ट की है,पुलिस को अब्दुल कवि के घर से अवैध असलहे भी बरामद हुए है,वही पुलिस और प्रशासन ने अब्दुल कवि के पुलिस,अधिवक्ता और अध्यापक भाईयो के घरों पर भी बुलडोजर चलाया है और घरों को जमींदोज किया है। माफिया अतीक अहमद के करीबी और राजू पाल हत्याकांड के फरार आरोपी अब्दुल कविका एक भाई जिला न्यायालय में अधिवक्ता है,अधिवक्ता का घर गिराए जाने से नाराज वकीलों ने मझनपुर में सड़क पर प्रदर्शन और पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की है,जबकि अब्दुल कवि को कई साल पहले ही घर से बेदखल करने का अधिवक्ताओं ने जानकारी दी है। इसके बावजूद अब्दुल कवि के भाईयो पर कार्यवाई का और पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है,अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर हड़ताल कर दी और न्यायालय में जजों के चेंबर में जाकर नारेबाजी की है।अब्दुल कवि के अधिवक्ता भाई मोहम्मद कादिर ने बताया कि उनके भाई को जायदाद से बेदखल कर दिया गया था,उसके बावजूद प्रशासन ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है जोकि गलत है।

**अधिवक्ता के समर्थन में प्रदर्शन**



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

# बोलेरो सवार बदमाशो ने दिन दहाड़े युवक का अपहरण कर की ढाई लाख की लूट

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में बोलेरों गाड़ी सवार चार बदमाशो ने एक युवक का अपहरण कर उससे ढाई लाख रुपए की लूट कर ली,भुक्तभोगी के साथ में रहे भाई के शोर मचाने पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे की है जहा कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के रहने वाले दो सगे भाई अनिल और अजय भरवारी से समूह का रुपया और कुछ अपनी बहन के घर से रुपए लेकर अपने घर के लिए निकले थे,दोनो भाई मूरतगंज में समोसा खाने के लिए रुके थे,तभी अचानक से बोलियो गाड़ी में सवार होकर चार लोग आए और अनिल को जबरन गाड़ी में भर लिया और भाग निकले,अपने भाई का अपहरण होता देख अजय ने शोर मचाया तो लोगो की भीड़ जमा हो गई। अजय के शोर मचाने और लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी का पीछ किया लेकिन बोलेरो सवार नही मिले,वही पुलिस की सूचना पर भरवारी चौकी पुलिस ने परसरा चौराहे पर चेकिंग लगाई तो बोलेरी सवार पुलिस की गिरफ्त में आ गए,बदमाशो में से एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया जबकि अन्य रुपए लेकर फरार हो गए।पुलिस पीड़ित और एक बदमाश को लेकर थाने ले गई और पूछताछ में जुटी हुई है।

**पुलिस जांच में जुटी**


लूट की घटना में प्रयोग हुई बोलेरो

## शराब के साथ सात अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल सात अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 72 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राममगन निषाद पुत्र स्व0 गया प्रसाद निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गुलाब निवासी मलाक भायल थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 9 लीटर अवैध शराब व जिलेदार पुत्र बलूनी निवासी गौशाला भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त भिक्षा लाल पुत्र स्वङ्ग भोला निवासी दीवर मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त उर्मिला देवी पत्नी श्रीचन्द्र निवासी मुजाहिदपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व रामलाल पासी पुत्र चन्द्रपाल निवासी काजीपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र मनोहर पासी निवासी पसियन की अहार मजरा पूरे फैज थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# बार के पूर्व व वर्तमान महामंत्री को शो कॉज नोटिस जारी

**कौशांबी में बार महामंत्री ने न्यायिक मजिस्ट्रेट से की बदवसूली**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद में जनपद अदालत के जुडिशल मजिस्ट्रेट ने बार के पूर्व व वर्तमान महामंत्री को शो कॉज नोटिस जारी किया है आरोप है कि न्यायालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे बार महामंत्री ने जेएम न्यायालय का काम बंद कराने के चक्कर में मजिस्ट्रेट से अभद्रता कर उन्हें अशब्द कहे कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेकर नोटिस जारी किया है जवाब न देने पर कोर्ट ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।जनपद न्यायालय के अधिवक्ता शनिवार की दोपहर साथ ही वकील अब्दुल कादिर का घर गिराए जाने का विरोध कर रहे थे मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार के पदाधिकारी व अधिवक्ता प्रदर्शन के दौरान न्यायालय परिसर में घूम-घूम का न्यायिक कार्य को बंद करा रहे थे।

### अभद्रता कर कोर्ट की अवमानना की

**कौशाम्बी।** इसी दौरान बाहर के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी ने जुडिशल मजिस्ट्रेट कोर्ट के बाहर हंगामा करने लगे मजिस्ट्रेट के कोर्ट से बाहर निकलते समय बार के वर्तमान और पूर्व महामंत्री ने उन्हें अशब्द कहे कोर्ट की अवमानना का आरोप है कि अधिवक्ताओं ने इस दौरान नारेबाजी भी की।

### कारण बताओ नोटिस

**कौशाम्बी।** जुडिशल मजिस्ट्रेट सुमित कुमार ने मामले को गंभीरता से लेकर बार महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी व पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जेएम सुमित कुमार ने जारी नोटिस में कहा है कि आरोपी अधिवक्ता 2 दिन के भीतर अदालत की अवहेलना का लिखित जवाब दें जवाब ना देने की स्थिति में इस कृति को न्यायालय की अवमानना मानते हुए उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### अधिवक्ता अब्दुल कादिर के समर्थन में सड़क पर उतरे थे

**कौशाम्बी।** बताया जा रहा है कि मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार के अधिवक्ता राजू पाल हत्याकांड के आरोपी शूटर वा माफिया अतीक अहमद के करीबी अब्दुल कवी के पैतृक घर को प्रशासन व पुलिस ने बुलडोजर कार्रवाई के दौरान ढा दिया है शुक्रवार की कार्रवाई के बाद साथ ही अधिवक्ता अब्दुल कादिर के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर आए अध्यक्षों का कहना था कि प्रशासन ने साथी अधिवक्ता अब्दुल कादिर का पक्ष जाने बगैर उनके 2 करोड़ से अधिक की लागत से बना रिहायशी मकान गिरा दिया जबकि उनका पूरा परिवार आरोपी अब्दुल कवी को पहले ही बेदखल कर चुका है।

### चलती हुई स्कूटी में लगी आग बाल बाल बची स्कूटी सवार

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र में एक स्कूटी आग का गोला बन गई स्कूटी सवार महिला ने कूदकर अपनी जान बचाई मोहल्ले के लोगों ने बालू और पानी डालकर आग पर काबू पाया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी बताया जा रहा है कि महिला ने 3 महीने पहले स्कूटी खरीदी थी मंझनपुर कस्बे के नेहरू नगर मोहल्ले की रहने वाली साधना द्विवेदी रविवार को सिलाई सीखने जा रही थी साधना द्विवेदी अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से जैसे ही सिलाई सेंटर के पास पहुंची उसी समय स्कूटी से आग लग गई आग लगी देखकर महिला स्कूटी से कूदकर भाग खड़ी हुई आग लगी देखकर लोग पुलिस को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए पुलिस के पहुंचने से पहले कस्बाइयो ने स्कूटी में लगी आग पर काबू पा लिया साधना द्विवेदी ने बताया कि उनके पति ने मंझनपुर एक एजेंसी से स्कूटी 3 माह पहले खरीदी थी जिसका इंश्योरेंस भी कराया गया आग किन कारणों से लगी इस बात की उन्हें जानकारी नहीं है मंझनपुर स्कूटी में आग लगने की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कूटी को कब्जे में लेकर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी।

# सौतेले पिता ने 13 साल की बेटी का किया सौदा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में सौतेले पिता ने 13 साल की मासूम का सौदा कर दिया, जब इस बात की जानकारी बेटी को मां को मिली तो उसके होश उड़ गए। उसने अपने बेटी को रोकने की कोशिश भी किया लेकिन पिता ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। मामले से आक्रोशित महिला ने मंझनपुर थाना क्षेत्र के पाल चौराहे के पास सड़क पर जमकर हंगामा काटा।महिला ने सड़क पर से गुजर रहे ट्रैक्टर पर अपना सिर टकरा टकरा कर हंगामा किया। जब हंगामे की खबर इलाकाई पुलिस को हुई तो वह मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने ले गई। मामले में रोती बिलखती मां हमीदा ने बताया की उसकी बेटी रूबी (13) है जो उसके पहले पति की संतान है और उसके

**बेटी की मां ने सड़क पर काटा हंगामा**

साथ रहती है, मौजूदा समय में उसका पति मो शरीफ है जोकि दरियापुर थाना करारी क्षेत्र के है, उसने उसकी मासूम बेटी को समदा गांव के रहने वाले मुन्ना (34) के हवाले कर दिया। रोती बिलखती मां बार-बार चीख चीख कर कह रही थी यदि मेरी बेटी नहीं मिली तो मैं अपनी जान यही गाड़ियों पर सर पटक पटक कर दे दूंगी। इस दौरान महिला ने कई बार अपने आप को गंभीर चोट पहुंचाने के लिए वाहनों पर सर पटका। हंगामा देखकर मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग पहुंच गए लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया सूचना पर पहुंची पहुंची पुलिस ने दोनों को थाने ले गई है।

# वर्षो से बन्द पड़े हैण्ड पम्प पर पड़ी ईओ की नजर

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका अंतर्गत कस्बा भरवारी के नया बाजार भारतीय स्टेट बैंक के ठीक सामने वर्षो से जर्जर वा बन्द पड़े हैण्ड पम्प को मिस्त्रीयो की मदद से अवकाश के दिन प्राथमिकता के तौर पर नगर पालिका ने मरम्मत करा दिया है वर्षो से यह हैंडपंप पानी नही उगल रहा था जिससे लोगों को पानी नहीं मिल रहा था हैण्ड पम्प को चुस्त दुरुस्त कराकर ही नगर पालिका ने चैन लिया। बता दें कि नवागंतुक अधिशासी आधिकारी भरवारी शैलेन्द्र मिश्रा ने जबसे चार्ज लिया है तब से इनके दिमांग में एक ही बात ज्यादा गूंज रहीं है कि कैसे नगर पालिका की आमदनी बढ़े और लोगो को न्याय मिले ' उनके लिए पहली प्राथमिकता यही है की नगर पालिका की जनता को उनकी जरूरत वा परेशानी क्या है जिसको दूर कर जनता को खुशी मिल सके। इसके पहले नगर पालिका परिषद अंतर्गत मूरत गंज के धन्नी के पास भू माफिया द्वारा करोड़ों रूपए की जमीन को भू माफियाओ से मुक्त कराकर नगर पालिका के रजिस्टर्ड फार्म के ठेकेदार लाला सिंह को सुपुर्द कर निर्माण हो रहे बेरोजगार युवकों को दूकान दिलाने का कार्य करने का काम किया जिससे जहा एक तरफ बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा वही नगर पालिका की आमदनी भी बड़ेगी। आज जिस हैण्ड पम्प को ठीक करवाया है वह भारतीय स्टेट बैंक के ठीक सामने लगा हुआ है जिसके चलते सैकड़ो लोगो को पीने के पानी के लिए काफी रुपए खर्च करना पड़ता था ' अब लोगो में बहुत खुशी है ' वही अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा का कहना है कि मेरी कथनी करनी एक समान है मैं आप लोगो की सेवा करने के लिए आया हूं जिस पर मैं कामयावी सफल होने का प्रयास करुंगा ' हैण्ड पम्प तत्काल ठीक कराने में महेश पुर के प्रभारी संजय गुप्ता वा नगर पालिका भरवारी के संदीप पाण्डेय फूल चंद आदि लोग मौजूद थे।

**अवकाश के दिन में भी तल्ख हुए तेवर ' तत्काल हैण्ड पम्प मिस्त्री को बुलवाकर ठीक करवाया नल, स्थानीय लोगो ने अधिशासी अधिकारी की कार्य प्रणाली पर जताई खुशी**






# रैली के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** विश्व महिला दिवस अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस ( 08 मार्च) के अवसर पर आज दिनांक 5 मार्च 2023 को थीम 'स्वस्थ्य महिला स्वस्थ्य दिवस के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं मुख्य अतिथि श्रीमती आशारानी चौधरी कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा भाजपा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुष्पेन्द्र कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शरीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए साइकिल रैली को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार शासन प्रशासन, एनसीसी एनएसएस के महिला अधिकारियों / कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में लवकेश कुमार उर्फ पप्पू चौधरी, स्थानीय निकाय चुनाव प्रकोष्ठ भाजपा कौशाम्बी, डा. के डी. सिंह नोडल अधिकारी, जिला एनसीडी प्रकोष्ठ, डा. नीरज कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर वैभव कुमार सिंह जिला कार्यक्रम सहायक, पीएमएमवीवाई,डा. सुऐव अंसारी, चिकित्साधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अवनीश मिश्रा, ब्लाक सामुदायिक प्रकिया प्रबंधक घनश्याम पाल, फार्मासिष्ट वीरेन्द्र सिंह, सीएचओ एएनएम. आशा संगिनी, आशायें विद्यालय की छात्रायें, एनजीओ प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह ने प्रतिभाग किया।

संपादकीय

## अन्धविश्वास यानी अशिक्षित एवं मूढ़ समाज की निशानी

भारतवर्ष को दुनिया एक अध्यात्मवादी देश के रूप में भी जानती है। निःसंदेह संतों-पीरों-फकीरों और अनेकानेक अध्यात्मवादी महापुरुषों की इस पावन धरा पर चारों ओर आस्था और विश्वास का समुद्र हिलोरें मारता रहता है। परन्तु यही आस्था और विश्वास जब तक संयमित रहता है,इसके परिणाम सुखद,संतोषजनक व सौहार्दपूर्ण रहते हैं तभी तक इन्हें आस्था और विश्वास के रूप में देखा जा सकता है परन्तु जब इसी 'आस्था और विश्वास' के नाम पर हिंसा,क्रूरता,पशुता,राक्षसी प्रवृति,झूठा भय यहाँ तक कि हत्या और मानव बलि तक की बातें होने लग जायें तो इसे 'अंधआस्था और अंधविश्वास' के सिवा और क्या कहा जाये। परन्तु यह हमारे देश का एक कटु सत्य है कि संसार के इतने आधुनिक,वैज्ञानिक एवं तर्कशील हो जाने के बावजूद हमारे देश का एक बड़ा वर्ग अभी भी तांत्रिकों,ज्योतिषियों,काला जादू,बंगाली जादू,इंद्र जाल,सिफली,दुआ ताबीज,कण्डा-चिल्ला जैसे अनेक व्यसनों में उलझा हुआ है। आये दिन देश के किसी न किसी राज्य से अंधास्था व अंधविश्वास से जुड़ी दिल दहलाने वाली खबरें आती रहती हैं। कोई अपने ही बच्चे की बलि चढ़ाकर भगवान को खुश कर रहा है तो किसी को अपनी खुशहाली की खातिर या अपनी कोई मुराद पूरी करने के लिये अपने पड़ोसी या रिश्तेदार के बच्चे की बलि चाहिये। कितना आश्चर्य है कि हमारे देश में क्या पढ़ा लिखा तो क्या अनपढ़ सभी के वाहनों के पहियों में उस समय ब्रेक लग जाता है जब कोई बिल्ली सामने से गुजर जाती है। यह सभी सदियों पुराने उस सुने सुनाये अंधविश्वास के वाहक हैं जिसमें न जाने किसने और कब यह बताया होगा कि 'बिल्ली का रास्ता काटना अशुभ होता है'। गत मात्र एक दशक से भी कम समय से न जाने किसके कहने व बताने पर या फिर एक दूसरे को देखकर तमाम युवतियां यहाँ तक कि अधेड़ महिलायें अपने पैरों में काला धागा बाँधने लगी हैं। इनमें अनपढ़ ही नहीं बल्कि स्वयं को शिक्षित बताने वाली युवतियां भी शामिल हैं। उम्मीद थी कि शायद कुछ दिनों बाद फैशन का रूप धारण कर चुके इस नये नवेले अंधविश्वास से देश को मुक्ति मिल जायेगी। परन्तु अफसोस तो यह कि इस काले धागे को अब लड़कियों की ही तरह लड़कों ने भी अपनी टाँगों में बांधना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से पिछले दिनों अंधविश्वास से जुड़ी एक ऐसी अपराधपूर्ण खबर सामने आयी जिसे सुनकर रूह कांप गयी। प्राप्त समाचारों के अनुसार 25 वर्षीय रौनक सिंह छाबड़ा नामक एक युवक ने अपने 50 वर्षीय गुरु, बसंत साहू की पहले हत्या की और हत्या के बाद वह बड़ी निर्दयता से अपने गुरु का खून भी पी गया। बाद में उसने गुरु बसंत साहू के शव को सन्नाटी जगह में ले जाकर जलाने की कोशिश की। पुलिस ने बसंत साहू की अधजली लाश बरामद करने के बाद जब तफ़्तीश के दौरान उस के शिष्य रौनक सिंह छाबड़ा से पूछताछ की तो उसी ने यह रहस्य खोला कि वह अपने गुरु से काला जादू की विद्या हासिल करना चाहता था। उसकी सोच थी कि गुरु की हत्या के बाद वह जल्द ही काला जादू सीख जायेगा इसीलिये प्रयोग के रूप में उसने इस वीभत्स काण्ड को अंजाम दिया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जादू टोने के लिये काला जादू सीखने के नाम पर एक चेले द्वारा अपने गुरु की हत्या उस छत्तीसगढ़ राज्य में की गयी जहां पहले से ही छत्तीसगढ़ टोना प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 मौजूद है जिसके अन्तर्गत ऐसी अंधविश्वास पूर्ण गतिविधियों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश,बिहार,बंगाल,झारखण्ड,उड़ीसा व उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों से तो अक्सर ही कभी किसी की चुड़ैल के नाम पर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सी या लोहे की जंजीरों से पेड़ों या खम्बों में बांधकर रखा जाता है। उसे भूखा प्यासा रखा जाता है और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। 'अंधआस्था और अंधविश्वास' से जकड़े इसी मूढ़ समाज को लक्ष्य बनाकर पूरे देश में विभिन्न सार्वजनक स्थलों,दीवारों,बस व ट्रेन स्टॉप आदि पर यहाँ तक कि बसों व ट्रेनों के भीतर भी झाड़ फूक जादू टोना,इंद्र जाल, वशीकरण के तरीके आदि बताने वाले तमाम बकवास,झूठे व गुमराह करने वाले पोस्टर व हैंड बिल चिपके होते हैं। इन पोस्टर्स में जो दावे किये जाते हैं उन्हें पढ़कर ही हंसी आती है। परन्तु अफसोस कि हमारा सीधा सादा परन्तु अंधआस्था और अंधविश्वास का शिकार कोई भी व्यक्ति इन झूठे विज्ञापनों के झांसे में आ जाता है और इन विज्ञापनों में दिये गये नंबरों पर स्वयं फोन कर अपने नुकसान,गुमराही यहाँ तक कि किसी बड़े से बड़े कुचक्र तक में उलझने के रास्ते स्वयं अख़्तियार कर लेता है। आज पूरे देश में लाखों ठग ऐसे ही शरीफ परन्तु अंधआस्था और अंधविश्वास के शिकार लोगों की जेबें काट कर अपना पालन पोषण कर रहे हैं। जिन्हें स्वयं अपने भविष्य का ज्ञान नहीं वे दूसरों का भविष्य बताते फिरते हैं। जो स्वयं अनेक पारिवारिक उलझनों व परेशानियों का शिकार हैं वे दूसरों के घरों में सुख शांति लाने का उपाय बताते फिर रहे हैं। पेट पालने के लिये जिन्हें स्वयं झूठ व पाखंड का सहारा लेना पड़ता है वे दूसरों को रोजगार व नौकरी के उपाय बताते रहते हैं। इससे बड़ी हास्यास्पद बात और क्या हो सकती है।

परीक्षा के समय तमाम स्कूल कॉलेज के बच्चे मस्जिद-मंदिर-मजार-दरगाह-पीपल-बरगद आदि पर जाकर कहीं प्रशाद चढ़ाते हैं तो कहीं जल तो कहीं धागा लपेटते हैं। कहीं कहीं तो अपनी मांग किसी पर्ची में लिखकर चढ़ा देते हैं। जरा सोचिये कि यदि इन सब टोटकों से लोग परीक्षा पास करने लगें तो पढ़ाई के लिये परिश्रम करने की जरुरत ही क्या ? हाँ इन सब चक्करों में पड़ने से परीक्षार्थी का कीमती समय जरूर बर्बाद होता है। आज हमारे देश में जय जवान जय किसान के साथ साथ जय विज्ञान और जय अनुसन्धान जैसे नारे भी जोड़ तो जरूर दिये गए हैं परन्तु इन पर देश अमल करे इसके पहले देश के लोगों में 'अंधआस्था और अंधविश्वास' के विरुद्ध चेतना जगाना भी जरूरी है। जब हमारे राजनेता स्वयं ही अंधआस्था और अंधविश्वास' को बढ़ावा देंगे,जब वे स्वयं नींबू-मिर्च लटकाकर 'चश्म-ए-बद दूर' करेंगे तो इस समाज को अँधेरे कुँए में गिरने से भला कौन बचा सकता है।

# मातृभाषा सांस्कृतिक और भावात्मक एकता का माध्यम

**-: ललित गर्ग :-**

दुनिया भर में भाषा की सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में पूरी जागरूकता विकसित करने, उसकी समझ और संवाद के आधार पर एकजुटता को प्रेरित करते हुए मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिये यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है। 2023 के अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम, बहुभाषी शिक्षा और शिक्षा को बदलने की आवश्यकता है।




मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है। हमारे देश में मातृभाषाओं के प्रति अनेक प्रकार के भ्रम फैले हैं, जिनमें एक भ्रम है कि अंग्रेजी विकास और ज्ञान की भाषा है। जबकि इस बात से यूनेस्को सहित अनेक संस्थानों के अनुसंधान यह सिद्ध कर चुके हैं कि अपनी भाषा में शिक्षा से ही बच्चे का सही एवं सर्वांगीण मायने में विकास हो पाता है। इस दृष्टि से मातृभाषा में शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। इसी मत को भारत के राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र तथा शिक्षा संबंधित सभी आयोगों आदि ने भी माना है। भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक उत्तम वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। महात्मा गाँधी ने कहा था, विदेशी माध्यम ने बच्चों की तंत्रिकाओं पर भार डाला है, उन्हें रट्टू बनाया है, वह सृजन के लायक नहीं रहे। विदेशी भाषा ने देशी भाषाओं के विकास को बाधित किया है इसी संदर्भ में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम के शब्दों का यहां उल्लेख आवश्यक हो जाता है कि मैं अच्छा वैज्ञानिक इसलिए बना, क्योंकि मैंने गणित और विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में प्राप्त की। मातृभाषा को प्रोत्साहन देकर ही भारत सुपर पावर बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। इस महान उद्देश्य को पाने की दिशा में विज्ञान, तकनीक और अकादमिक क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान करने के अभियान को तीव्रता प्रदान करने के साथ मातृभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देना होगा। मातृभाषा जब शिक्षा का माध्यम बनेगी तो मौलिकता समाज में रचनात्मकता का अभियान छेड़ेगी। भाषा और गणित को नई नीति में प्राथमिकता मिलना बच्चों में लेखन के कौशल और नवाचार का संचार करेगा। सृजनात्मक गतिविधियों का वातावरण पैदा करेगा। मातृभाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक मातृ भाषाओं को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। आज विश्व में ऐसी कई भाषाएं और बोलियां हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है। लोकभाषाओं की चिंता इसलिए जरूरी है कि ये हमारी विरासत का एक भाग हैं और हमारी थाती हैं और इनमें जो भी कुछ सुंदर और श्रेष्ठ रचा जा रहा है, उसे सहेजकर रखा जाना चाहिए। यूनेस्को के अनुसार भाषा केवल संपर्क, शिक्षा या विकास का माध्यम न होकर व्यक्ति की विशिष्ट पहचान है, उसकी संस्कृति, परम्परा एवं इतिहास का कोष है। किसी भी राष्ट्र या समाज के लिए अपनी मातृभाषा अपनी पहचान की तरह होती है। अगर हम भारत की बात करें तो यहां हर कुछ कदम पर हमें बोलियां बदलती नजर आएंगी।

हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा जरूर है लेकिन इसके साथ ही हर क्षेत्र की अपनी कुछ भाषाएं भी है जिन्हें प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। 85 संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तीन हजार विशेषज्ञों के पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे आफ इंडिया (पीएलएसआई) के अध्ययन के अनुसार पिछले 50 वर्षों के दौरान 780 विभिन्न बोलियों वाले देश की 250 भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। इनमें से 22 अधिसूचित भाषाएं हैं। जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 122 भाषाएं हैं। बाकी 10 हजार से कम लोगों द्वारा बोली जाती है। आयरिश भाषाई विद्वान जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के बाद पहली बार 1898-1928 के बीच भाषाई सर्वे किया गया है। आजाद भारत में पहली बार किए गए इस पहले सर्वे में चार वर्ष लगे। इस रिपोर्ट के अनुसार भाषाई विविधता की दृष्टि से भारत में अरुणाचल प्रदेश सबसे समृद्ध राज्य है, वहाँ 90 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। इसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात का स्थान है, जहाँ 50 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। 47 भाषाओं के साथ ओडिशा चौथे स्थान पर है। इसके विपरीत गोवा में सिर्फ तीन भाषाएं बोली जाती हैं तो दादर और नगर हवेली में एक भाषा गोरपा है, जिसका अब तक कोई रिकार्ड नहीं है। करीब 400 से अधिक भाषाएं आदिवासी और घुमंतू व गैर-अधिसूचित जनजातियाँ बोलती हैं। यदि भारत में हिंदी बोलने वालों की तादाद लगभग 40 करोड़ है तो सिक्किम में माझी बोलने वालों की तादाद सिर्फ 4 है। पूर्वोत्तर के पाँच राज्यों में बोली जाने वाली करीब 130 भाषाओं का अस्तित्व खतरे में हैं। असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं खतरे में हैं। हाल ही में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह की तकरीबन हजारों साल से बोली जाने वाली एक आदिवासी भाषा बोह्य हमेशा के लिए विलुप्त हो गई । वस्तुतः कुछ समय पहले अंडमान में रहने वाले बो कबीले की आखिरी सदस्य 85 वर्षीय बोआ सीनियर के निधन के साथ ही इस आदिवासी समुदाय द्वारा बोली जाने वाली बोह्य भाषा भी लुप्त हो गई। सशक्त भारत-निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए मातृभाषा में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि शिक्षा को अपने समाज एवं राष्ट्र के अनुरूप संचालित करने और अपनी भाषाओं में शिक्षण करने से ज्ञान के नए क्षितिज खुलेंगे, नवाचार के नए-नए आयाम उभरेंगे। मातृभाषा में चिंतन एवं शिक्षण से सृजनात्मक एवं स्व-पहचान की दिशाएं उद्घाटित होगी। वास्तव में स्व-भाषाएं विचारों, विचारधाराओं, कल्पनाओं और अपने व्यापक सामाजिक-राष्ट्रीय दर्शन की स्पष्टता का माध्यम बनती हैं। इसीलिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा को प्रतिष्ठापित करने का अनूठा उपक्रम किया जा रहा है। इसको लेकर देश में मातृभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने एवं इन्हीं भाषाओं में उच्च शिक्षा दिये जाने की स्थितियां निर्मित होने लगी है। ऐसा ही निर्णय अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने अपने से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिये 2021-22 के शैक्षणिक सत्र के लिये लिया है, जिसके अन्तर्गत क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति दी जा रही है। नवंबर 2020 में, शिक्षा मंत्रालय ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें कॉलेजों को मातृभाषा में इंजीनियरिंग की शिक्षा देने की अनुमति दी गई थी।

> मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है।

# मॉब लिंचिंग, भीड़तंत्र के खतरे।

**संजीव ठाकुर**

भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।



भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

# गधों का होली मिलन समारोह

जंगल में गधों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था । सबको पूर्व सूचना दे दी गई थी कि--' रंग अबीर अपने साथ अपने घर से ही लाना है ' गधे थे इसलिए जो हो जाए तो कम ही है.. खैर रंग अबीर लाने पर ही होली मिलन समारोह में एंट्री मिलने की संभावना थी " वरना कृपया ना आए "ऐसा भी ऑप्शन रखा गया था । गधों का समारोह था इसलिए इतनी इज्जत और तहजीब मान मयार्दा रखी गई थी इंसानों का होता तो इतनी भी उम्मीद रखना बेकार था । सभी देशों के गधे काफी उत्साहित थे। होली मिलन समारोह का हिस्सा बनने के लिए सब अपने-अपने क्षमता अनुसार वेशभूषा आभूषण धारण करके रंग रंगीले बांके छैल छबीले सजीले गधे बनकर आने वाले थे ऐसी पूरी संभावना थी।

होली मिलन समारोह के दिन सबसे पहले समारोह स्थल पर अमेरिकी गधे ऊंचा सुर लगाते हुए आए । अपने आप को सबसे ज्यादा सुपरमैन समझने की आत्ममुग्धता उन पर पूरी तरह हावी थी ।

उनके आने के कुछ ही देर बाद रसिया वाले गधे भी खूब शोर मचाते हुए आए अमेरिकी गधों को देखते हुए... लगे मुंह बिचकाने ..ऐसा लगा मानो कहीं यहां पर भी किसी नए शीत युद्ध का आगाज ना हो जाए। इसीलिए दोनों को कुछ दूरी पर कुर्सियां दे दी गई। चाइनीज गधे अपनी छोटी छोटी आंखें मिचमिचाते हुए और पूरे समारोह स्थल का निरीक्षण करते हुए आए। उनका तो वही हाल है" राम राम जपना.. पराया माल अपना" वैसे तत्कालिक बात व्यवहार को देखते हुए रसिया के बगल में उसे कुर्सी दे दी गई!

चाइनीस गधे रसिया के बगल से ही बैठकर अमेरिकी रसिया के शीत मनमुटाव का अवलोकन करने लगे और अपने लिए गुंजाइश भी खोजने लगे । तभी यूक्रेनी गधे भी गिरते पड़ते आए सीधे जाकर अमेरिका की गोद में आकर बैठ गए यूक्रेनी गधे सच में पूरी तरह गधे ही थे.. जो अच्छे भले देश को कबाड़ बनवा लिया ..अरे जब गोद में ही बैठना है तो क्या रसिया क्या अमेरिका .. कम से कम घर तो बचा रहता। तभी समारोह स्थल के मेन गेट पर हो हल्ला आवाज सुनाई देने लगी सभी लपक कर उधर गए तो देखा पाकिस्तानी गधे थे उन्होंने रंग अबीर के साथ-साथ हाथ में कटोरा भी पकड़ हुआ था । जिसके चलते उन्हें सुरक्षाकर्मी अंदर प्रवेश नहीं करने दे रहे थे। सुरक्षाकर्मियों के मना करने पर पाकिस्तानी गधों ने दो टूक कह दिया.... देख लो भाई मैं तो कटोरा लेकर ही अंदर जाऊंगा क्या पता कुछ इमदाद मिल जाए सभी गधे एक जगह इकट्ठे हैं सबके देश जाने का किराया खर्च पानी नहीं है मेरे पास... इसलिए मैं ऐसा स्वर्णिम अवसर चूक नहीं सकता। चाइनीस गधों ने पाकिस्तानी गधों को देखते ही मुंह घुमा लिया उन्हें डर था कहीं वह कुछ उनसे ही न मांग बैठे सबसे आश्चर्य की बात थी इसमें भारतीय प्रतिनिधि नदारद थे.. दुनिया भर में सबसे आगे रहने वाले इस अवसर को क्यों चूक रहे हैं.. सब के सब जानना चाहते थे जब मीडिया कर्मी उनसे पूछने गए कि आप इस समारोह का हिस्सा क्यों नहीं है... तो प्रतिनिधि मोदी जी के चिर परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए हाथ जोड़ लिए.. जिसे मीडिया वालों ने समझा और प्रतिनिधि ने समझा.. बाकी सब बगले झांकते रहे।

## मंगल के सपने और पाँव खींचे अपने

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

"क्या माँ जमाना कहाँ से कहाँ पहुँच गया और आप हैं कि अभी भी दकियानूसी बातों में उलझी पड़ी हो। मुझे वैज्ञानिक बनने के लिए कहती हो। आसमान के सपने दिखाकर अंधविश्वास वाली बातों से जमीन पर पटकने वाला व्यवहार करती हो। अभी आप भैया के साथ बैठने से रोक रही थी, अब आरती में जाने से रोक रही हो, यह मत करो, वह मत करो, ऐसा क्यों मम्मी?"...इस नादान प्रश्न के जवाब में मां लेटेस्ट जमाने का हाईफाई स्मार्टफोन थामे, अधुनातन टॉप-जिंस पहने बस इतना ही कह पाती है, "यही औरतों की नियती है बेटी।" बदले में बेटी ने पूछा आखिर औरतों की नियती क्या है माँ? क्या चाँद-सितारों को नापने वाली सदी में जब हम अडवांस सोच के साथ मंगल पर घर बसाने की सोच रहे हैं, उस समय औरतों को मासिक धर्म के नाम पर यह मत करो, वह मत करो कहना कहाँ तक ठीक है। यहाँ तक कि पाठशाला में बॉयोलॉजी में इसके बारे में एक चैप्टर भी है। अध्यापिका हैं कि सह-शिक्षा के कारण अध्याय पढ़ाने से बच-बचाकर आगे बढ़ गयीं। पढ़े-लिखों की यह हालत है तो अनपढ़ों की पूछिए ही मत। महिला दिवस के नाम पर लंबे-चौड़े भाषण देते हैं। कहते हैं कि औरत फलाना-फलाना क्षेत्र में तीर मार रही हैं और जमीनी हकीकत यह है कि वह मासिक धर्म के समय एक औरत दूसरी औरत को अंधविश्वास के पाठ पढ़ा रही है। जो चीज जितनी छिपाई जाती है उसके प्रति लोगों की जिज्ञासा उतनी ही बढ़ती है। हम बोलने में कुछ और आचरण में कुछ हैं। औरत दुनिया तो जीत सकती है लेकिन घर की चौखट के भीतर कई बार हार जाती है। यह हार उस समय और चुभती है जब हराने अपना ही कोई हो। माँ कुछ कहना चाहती थी, लेकिन बेटी अपनी धाराप्रवाह में बोलती गई - देश दुनिया को स्मार्ट बनाने के चक्कर में दिया तले अँधेरा जैसी हरकत वाले अंधविश्वास मासिक धर्म को प्रकृति का नियम न मानकर शर्म का कारण मानते हैं। लाख अच्छी पढ़ाई कर लो लेकिन मासिक धर्म को पाप के रूप में ही देखा जाता है। सबसे मुँह छिपाते फिरो। न जाने ऐसा कौन सा पाप कर दिया है कि सिर उठाकर समाज में चल भी नहीं सकते। यह समाज पुरुष के चोर-उचक्का, बलात्कारी होने पर एक बार के लिए सम्मान दे सकता है, लेकिन लड़की मासिक धर्म में हो तो घृणा की दृष्टि से देखते हैं।

## फटाफट खबरें

### सेक्स रैकेट चलाने वालों ने पत्रकार को दी धमकी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह के लोगों ने पत्रकार राजेन्द्र पाण्डेय के घर जाकर जानलेवा धमकी दी। ज्ञात है कि पत्रकार ने 25 फरवरी को जिले में सेक्स रैकेट चलने की खबर का खुलासा किया था।

पत्रकार को धमकी देने की ये घटना शनिवार की रात नौ बजे हुई। बताया गया कि पत्रकार राजेन्द्र पाण्डेय अपने घर में थे। इसी बीच एक फोन 9120766367 से पत्रकार के फोन पर आया। पत्रकार के फोन उठाने पर फोन करने वाले ने कहा कि वह मिलना चाहते हैं। पत्रकार ने उसे अपने घर का पता बताया। इस पर पांच-छह लोग शराब के नशे में वैगनार लाल रंग की गाडी से पत्रकार के घर पहुंचे। सभी लोगों में एक ने पत्रकार से कहा कि सेक्स रैकेट की खबर कैसे चला दी। पत्रकार के विरोध जताने पर सभी लोगों ने अभद्र बर्ताव किया।

इस बात की सूचना पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला को दी। एसपी ने तत्काल कर्वी कोतवाल को पत्रकार के घर भेजा। कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने पत्रकार से पूरी जानकारी ली। इसके बाद पत्रकार ने कर्वी कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। पत्रकार ने घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### जेल मिलनकांड में जांच टीम ने की कई लोगों से पूंछताछ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल मिलनकांड में रोज नये खुलासे हो रहे हैं। एसआईटी ने विधायक अब्बास अंसारी व निखत बानो से संबंध होने के संदेह में चार लोगों को पकडकर सख्ती से पूंछताछ जारी है। पूंछताछ के बाद पुलिस ने एक को छोड दिया है। रविवार को जेल मामले में जांच में जुटी पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात शहर के तरौंहा के जावेद, शंकर बाजार के जय कुमार जैकी, अभिलाष कुमार व बउवा को संदेह होने पर पूंछताछ को पकडा था। जांच टीम ने पहले पकडे गये सपा नेता फराज खान व कैंटीन सप्लायर/भू-माफिया नवनीत सचान के मोबाइल से मिले नम्बर व रुपयों के ट्रांजक्शन तथा निखत के परिजनों से बातचीत और मदद करने के आरोप में पूंछताछ की। देर शाम तक चली पूंछताछ में पुलिस टीम ने जय कुमार जैकी व बउवा को छोड दिया है। अभिलाष पर आरोप है कि वह जेल में सजा काट चुका है। जेल में रहने दौरान उसके जेल अधिकारियों से सम्पर्क रहे हैं। फिलहाल कुछ खास जानकारी इससे नहीं मिली। अन्य के मोबाइल फोन का डाटा खंगाला जा रहा है। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि किसी को पकडकर लाने वालों के नाम नहीं बताये जा रहे। एसआईटी के सामने एक और डिप्टी जेलर व वार्डन पेश हुए। कई घंटे पूंछताछ के बाद दोनों ने स्वीकार किया कि नियम विरुद्ध जेल में मिलने की जानकारी है। अपनी भूमिका को लेकर बचाव करते रहे। खास सूत्रों ने बताया कि नकदी व गिफ्ट का लेन-देन हुआ है। इसमें बडे अधिकारी व एक वार्डन की मुख्य भूमिका है। खुद को मिले हिस्से और जेल आने-जाने वालों से सम्पर्क के सवाल पर टालमटोल किया।

### 13 माह से रविवार को कामदगिरि में चलता है सफाई अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 59वें अभियान में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में 13 महीने से प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान जारी है। रविवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाते हुए ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने कहा कि शर्मिन्दगी की बात है कि हर कोई अपना घर साफ रखता है, लेकिन सारी गन्दगी बाहर गलियों, सडकों, चैराहों पर फेंक देते हैं। ये नहीं सोंचते कि पूरा देश ही उनका घर है। कोई पडोसी या बाहरी आदमी साफ करने नहीं आयेगा। सफाई पर सभी लोगों को ध्यान देना होगा। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने बताया कि खुद स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा। ये अच्छी आदत सभी लोग डाल लें। अपने आसपास के माहौल को साफ रखना चाहिए, ताकि कोई बीमारी न फैले। स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी जरूरी है। सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अभियान में राजेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, जितेन्द्र केशरवानी, रोहित द्विवेदी, शुभम केशरवानी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, जानकी कुशवाहा, अंकुर केशरवानी आदि ने सहयोग किया।

# विषम हालातों से निपटने को पुलिस को किया मुस्तैद: एसपी

## पुलिस ने दंगा नियंत्रण को मॉक ड्रिल कर अभ्यास किया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर आकस्मिक हालात से निपटने को सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था व समाज में भय मुक्त माहौल बनाने की गरज से पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में थाना पुलिस बल को बलवा/दंगा नियंत्रण ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया।

रविवार को प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह ने दंगा नियंत्रण ड्रिल की दस पार्टियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य आरक्षी राम महेश ने एण्टी राइड गन, गैस गन एवं पम्प एक्शन गन को चलाने एवं प्रयोग करने के बारे में बताया। अधिकारी-कर्मचारियों को विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने को रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, अश्रु गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन (गैस गन), हैंड ग्रेनेड, सैल आदि के प्रयोग का पूर्वाभ्यास कराया। मॉक ड्रिल के दौरान दंगाइयों/बलवाइयों पर प्रयोग करने वाले एंटी राइट गन, टीयर स्मॉक गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियां एवं प्रयोग करने के तौर-तरीकों के बारे में जानकारी दी, ताकि किसी भी विषम हालात में सिखाये गये तरीकों से हालातों का पुलिस बल सामना कर सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस बल ने कर्वी शहर में भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण को मॉक ड्रिल किया। कर्वी शहर के मिश्रित आबादी/हॉट स्पॉट वाले क्षेत्रों एवं सम्पूर्ण क्षेत्र को तीन जोन व छह सेक्टर में बांट कर सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की ड्यूटियां लगाई गईं। मोबाइल पार्टियां भी बनाकर पुलिस कर्मियों को दंगाइयों से निपटने के तरीके सिखाये गये। रिहर्सल दौरान भीड/दंगाइयों को तितर-बितर करने के भी विभिन्न तरीकों का अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों ने मुस्तैदी से दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया।

दंगा नियन्त्रण मॉक ड्रिल में क्षेत्राधिकारी मऊ शीतला प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजकमल, क्षेत्राधिकारी राजापुर एसपी सोनकर, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह समस्त थाना-चैकी प्रभारी मय थाना पुलिस बल के मौजूद रहे।

## होली पर्व पर खाद्य टीम ने की छापामारी

### 24 नमूने किये संग्रहित




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व पर आम जनता को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का जिले में विशेष अभियान जारी है।

रविवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह तथा सुमित पाण्डेय अभियान चला रहे हैं। जांच टीम ने खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर छापामार कार्यवाही कर नमूने संग्रहित कर रही है। अभियान दल ने चार व पांच मार्च को 12 नमूने संग्रह किये। लालजीत यादव ने दो नमूने, दीपेन्द्र कुमार सिंह ने दो नमूने, झनकार सिंह ने चार नमूने तथा सुमित पाण्डेय ने चार संग्रहित किये।

अभियान दल ने आज कुल 24 नमूने संग्रहित किये है। संग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच के नतीजे मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल जिले में लगातार खाद्य पदार्थों की जांचकर कार्यवाही कर रहा है। खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी गई है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। अन्यथा विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## आठ लोगों के कब्जे से बडे पैमाने पर शराब बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर बडे पैमाने पर शराब कारोबारियों के अवैध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आठ लोगों के कब्जे से पचास लीटर महुआ शराब व 91 क्वार्टर देशी शराब तथा दो शराब भट्ठी तोडकर शराब बनाने के उपकरण बरामद किये।

रविवार को मऊ कोतवाल राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने बराछी गांव के देवनाथ पुत्र श्रीपत, मुनेस कुमार पुत्र अदालती, कालीचरन पुत्र अदालती निवासी मवईकला के ठिकानों पर छापेमारी कर दस-दस लीटर महुआ शराब व दो शराब भट्ठी नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, दरोगा बालकिशुन, दीवान जुबैर अली व अनुज वर्मा शामिल रहे।

इसी क्रम में बरगढ थाने के दरोगा राजेन्द्र प्रताप सिंह ने अशोक पुत्र अशफीर्लाल निवासी सेमरा के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब बरामद किया। रैपुरा थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने कौबरा गांव के रमेश पुत्र श्यामलाल के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब बरामद किया है। भरतकूप थाने के दरोगा इमरान खान ने श्यामलाल पुत्र रामसजीवन निवासी मिरियापुरवा मजरा मऊ ब के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब बरामद किया है। चैकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह ने प्रेमबाबू पुत्र नत्थू निवासी तरौंहा के कब्जे से 27 क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर चालान किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा राधेश्याम सिंह ने सिपाही रोहित के साथ छय कुमार वर्मा पुत्र इन्द्रकुमार निवासी चकौंध के कब्जे से बीस लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

## न्यूज झरोखा

### डायट में दो दिवसीय कला एवं नवाचार महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एससीईआरटी निदेशक लखनऊ के आदेश के क्रम में जिला स्तर पर कला प्रदर्शन एवं नवाचार महोत्सव (नवाचार एवं टीएलएम मेला) डायट शिवरामपुर में दीप जलाकर सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ।

रविवार को कला प्रदर्शन एवं नवाचार महोत्सव में जिले के बेसिक से माध्यमिक शिक्षकों की कलाकृतियां एवं नवाचारों टीएलएम का प्रदर्शन हुआ। सर्वश्रेष्ठ नवाचारों का अभिलेखीकरण कर उनकी पुस्तिका एवं डिजिटल डायरी तैयार की गई। नवाचार प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता राजेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार समय के अनुसार शिक्षा व शिक्षा पद्धतियों में परिवर्तन कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शिक्षा का प्रभावी शिक्षण शिक्षकों से कराया जा सके। कला प्रदर्शन और नवाचार महोत्सव में जो भी बताया जाए, उसका अनुकरण सभी शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य के समय करना चाहिए, ताकि बच्चों को प्रभावी ढंग से शिक्षा दी जा सके।

इस महोत्सव में सभी डायट प्रवक्ता मिथिलेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर, अतुलदत्त तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक मोहित कुमार सिंह डायट प्रवक्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डायट प्रवक्ता गोरेलाल ने किया।

### पुलिस ने दम्पति के परिवार को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिला थाना पुलिस टीम ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कर परिवार को टूटने से बचाया। रविवार को कोतवाली कर्वी के बनकट गांव की श्रीमती सीमा ने महिला थाने में सौंपे पत्र में कहा कि पति करुणाकर गौतम पुत्र राजकुमार गौतम निवासी पुंगरा नरैनी बांदा आये दिन विवाद कर घर में नहीं रखते हैं। महिला थाना प्रभारी श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतकर्ता महिला की समस्या को सुनकर दूसरे पक्ष को थाने में बुलाया। दोनों पक्षों को समझाते हुए कहा कि भविष्य में विवाद न कर पति-पत्नी के कर्तव्यों का पालन करें।

दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनों को तालमेल से रहने की सलाह दी। कहा कि आपस में मिलजुलकर रहें। टीम में महिला थाना प्रभारी शालिनी सिंह, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

## चचेरे भाई ने रची थी अपहरण की साजिश, मुठभेड़ में चार गिरफ्तार

**बिजनौर।** नागल थाना की पुलिस ने मुठभेड़ में चार अपहरणकताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर अपहत ईंट भट्टा मालिक को सकुशल बरामद कर लिया है। थाना अध्यक्ष श्याम वीर सिंह ने बताया कि नजीबाबाद निवासी ईंट भट्टा मालिक सौरभ अग्रवाल को चंदक मार्ग के पास अपहरण कर लिया था। भट्टा स्वामी के भाई अनुज अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई। शनिवार देर रात को सूचना मिली कि कुछ अपहरणकर्ता इलाके में है तो पुलिस ने भागूवाला बम्बे की पटरी मार्ग सराय आलम कोट सराय के बीच चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कार और एक मोटर साइकिल को आता देखकर रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उन पर फायर शुरू कर दिया।



पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मौके पर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त कल्लूगंज निवासी कपिल अग्रवाल, जाब्तागंज निवासी सलीम, विशाल तोमर और भोले उर्फ देव के पास से तीन तमंचा मय जिदां कारतूस, दो छुरी बरामद हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर पास के जंगल में ही भट्टा व्यवसायी को हाथ-पैर बंधी हालत में सकुशल बरामद कर लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया के अभियुक्त कपिल सौरभ का चचेरा भाई है, जो दहेज के मामले में दस साल की सजा काट चुका है। उसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं होने पर उसने पैसों के लिए भाई के अपहरण की योजना बनायी थी। अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राम मंदिर निर्माण को देखकर अभिभूत हुए अयोध्या के संत

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेजी चल रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए सभी मठ मंदिरों के धमार्चार्यों को दर्शन के लिए रविवार को आमंत्रित किया। श्रीरामलला के मंदिर निर्माण की प्रगति से अयोध्या के संतो को रूबरू कराया गया। मंदिर निर्माण को देखकर अयोध्या के संत समाज अभिभूत हुआ । मंदिर निर्माण की प्रगति पर संतोष जताया और राम मंदिर निर्माण के लिए राम मंदिर ट्रस्ट को किया धन्यवाद ज्ञापित। सन्तों ने कहा 500 वर्षों के संघर्षों का प्रतिफल भगवान राम का मंदिर है।

भगवान रामलला के निमार्णाधीन मंदिर की अप्रैल माह में छत डाली जाएगी । मंदिर निर्माण निर्माण की प्रगति को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से वीडिया व फुटेज जारी की जाती है, ताकि आम जनमानस मंदिर निर्माण की प्रगति को देख सके। इसी बीच रविवार को रामनगरी के प्रमुख संत-महंतों ने जन्मभूमि परिसर पहुंच राम मंदिर निर्माण की प्रगति देखी। इस दौरान ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने संतों-महंतों को मंदिर निर्माण के हर पहलुओं की विस्तार से जानकारी भी दी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रविवार को मंदिर निर्माण की प्रगति से रूबरू कराने के लिए राम मंदिर आंदोलन से जुड़े सभी मठ मंदिरों के धमार्चार्यों को आमंत्रित किया गया था। राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन से जुड़े हुए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि मंदिर निर्माण की प्रगति से मन आह्लादित हो गया। जगदगुरु राम दिनेशाचार्य ने कहा कि मंदिर निर्माण बहुत ही अद्भुत तरीके से हो रहा है, 60 प्रतिशत से ज्यादा मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। सभी स्तंभों को खड़ा कर दिया गया है। अब इन पर बीम और छत को लगाए जाने का क्रम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने आशा जताई है कि जनवरी 2024 में भगवान को विराजमान कराए जाने के लिए जो भी तैयारियां है। वह समय से पूरी हो जाएंगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि संत और धमार्चार्य ने राम मंदिर आंदोलन में तमाम तरीके के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाई है। राम मंदिर के लिए लगातार संघर्षरत रहे तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का यह कर्तव्य बनता है समय-समय पर राम मंदिर निर्माण की प्रगति का दर्शन संत समाज को कराएं। आज अयोध्या के संन्तो ने समूह में आकर मन्दिर निर्माण की प्रगति को अपने सामने से देखी।

## हिन्दू स्वयंसेवक संघ नेपाल द्वारा जनकपुरधाम में संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**काठमांडू।** हिंदू स्वयंसेवक संघ नेपाल ने रविवार को जनकपुरधाम में संस्कृत ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा में



विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संस्कृत ज्ञान परीक्षा में मीट इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल के जिया साह ने पहला, किडी कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल के श्रवण कुमार यादव ने दूसरा और श्रीराम सेकेंडरी स्कूल की पूर्णिमा कुमारी पौडेल ने तीसरा स्थान हासिल किया। हिंदू स्वयं सेवक संघ नेपाल यहां विभिन्न स्थानों पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन करता रहा है।

## तंजानिया के रुआहा नेशनल पार्क में 6 हाथियों की हत्या, संदिग्ध दबोचे गए

**दार एस सलाम (तंजानिया)।** तंजानिया पुलिस ने जनवरी 2022 और फरवरी 2023 के बीच पूर्वी अफ्रीकी देश के रूआहा नेशनल पार्क में छह हाथियों की हत्या के मामले में तीन संदिग्ध शिकारियों को दबोचा। रुआहा नेशनल पार्क के सहायक संरक्षण आयुक्त और कमांडिंग ऑफिसर गोडवेल ओले मींगाटाकी ने यह जानकारी दी। रुआहा नेशनल पार्क के सहायक संरक्षण आयुक्त ने कहा कि प्राकृतिक संसाधन और पर्यटन मंत्रालय के वन्यजीव और वन बल ने इरिंगा नगरपालिका क्षेत्र से 28 फरवरी को संदिग्ध शिकारियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास आठ हाथी दांत और छह दांत के टुकड़े मिले हैं। इन संदिग्धों के पास से एक खंजर और एक मोटर वाहन भी बरामद हुआ है।

## नेपाल में भूकंप से हिली धरती

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार सुबह दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। काठमांडू घाटी से सटे काभ्रे जिले और पश्चिमी नेपाल के अछाम में सुबह भूकंप आया।नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप मापन और अनुसंधान केंद्र के अनुसार, काभ्रे में रिक्टर पैमाने पर 4.3 और अछाम में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए। अभी तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

## नेपाल में जीप दुर्घटना, दो की मौत, 11 घायल

**काठमांडू।** नेपाल के ओखलढुंगा जिले में रविवार को हुई जीप दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। यह जीप चिशंखुगाड़ी ग्रामीण



नगर पालिका के 3 दियाले से जा रही थी। ओखलढुंगा जिले की सहायक मुख्य जिला अधिकारी संध्या सिगडेल के अनुसार, मृतकों में 52 वर्षीय मीन बहादुर श्रेष्ठ और 70 वर्षीय भक्त बहादुर थापा शामिल हैं। सिगडेल ने बताया कि घायलों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर इलाज के लिए काठमांडू भेजा गया है। ओखलढुंगा नेपाल का एक दूरस्थ पहाड़ी जिला है।

## फिलीपींस में हथियारबंद बदमाशों ने गर्वनर और आठ ग्रामीणों की हत्या की

**मनीला।** पैम्प्लोना शहर में हथियारबंद बदमाशों ने चार मार्च को धुआंधार फायरिंग कर केंद्रीय फिलीपींस के प्रांतीय गवर्नर रोएल डेगामो और आठ ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक संदिग्ध को मार गिराया और तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक असॉल्ट राइफलों से लैस कम से कम छह लोगों ने इस सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया। सभी अपराधी बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे। इन लोगों ने उस वक्त ताबड़तोड़ फायरिंग की जब प्रांतीय गवर्नर मध्य फिलीपींस में अपने घर पर ग्रामीणों से मिल रहे थे।

## दक्षिण कोरिया-अमेरिका सैन्य अभ्यास से घबराया तानाशाह किम जोंग

**लंदन।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 13 से 23 मार्च तक होने वाले सैन्य अभ्यास से उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग घबराया हुआ है। यही कारण है कि किम जोंग की सरकार ने इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) से इस सैन्य अभ्यास को रोकने के लिए मांग करनी शुरू कर दी है।

रविवार को उत्तर कोरिया के मीडिया में उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग ने इसको लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अभ्यास और सहयोगियों की बयानबाजी ने उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव को 'बेहद खतरनाक स्तर' पर धकेल दिया है। इसलिए इसपर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अमेरिका और दक्षिण कोरिया से उनकी भड़काऊ टिप्पणियों और



संयुक्त सैन्य अभ्यास को तुरंत रोकने के लिए दृढ़ता से आग्रह करना होगा। यह बयान सियोल और वाशिंगटन के अधिकारियों द्वारा 13 से 23 मार्च तक उभयचर लैंडिंग सहित 10 दिनों से अधिक बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास की घोषणा के बाद आया है। अधिकारियों ने कहा है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है और उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों से बढ़ते खतरों का मुकाबला करने के लिए आवश्यक है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों द्वारा प्रतिबंधित हैं।

**तानाशाह के मंत्री ने दी चेतावनी**

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के मंत्री किम सोन ग्योंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले सैन्य अभ्यास को लेकर धमकी भी दी है। किम ने कहा कि इस तरह की गैर-जिम्मेदार हरकतें क्षेत्रीय स्थिति को बहुत ही महत्वपूर्ण और बेकाबू चरण में ले जाएंगी। किम ने कहा कि यह खेदजनक है कि संयुक्त राष्ट्र अभ्यासों पर लगातार चुप रहा है, जिसमें स्पष्ट आक्रामक प्रकृति है। पिछले महीने किम ने एक बयान जारी कर कहा था कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों पर बेहद अनुचित, असंतुलित रहे हैं।

## ओली ने प्रचंड पर चीन के खिलाफ गद्दारी करने का लगाया आरोप

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने मौजूदा प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड पर चीन के खिलाफ गद्दारी करने का आरोप लगाया है। ओली ने ललितपुर स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के स्थानीय स्तर के कर्मचारी संघ कार्यक्रम में यह आरोप लगाया। उन्होंने प्रचंड पर चीनी सीमा के पास नेपाल के उत्तरी हिमालयी जिले मुस्तांग में एक विश्वविद्यालय खोलने के भारत के प्रस्ताव को स्वीकार कर चीन के खिलाफ गद्दारी करने का



आरोप लगाया। उन्होंने इसे खतरनाक काम बताया। प्रचंड पर आरोप लगाते हुए ओली ने कहा, आप यूनिवर्सिटी बनाना चाहते हैं और वहां? वे विश्वविद्यालय के नाम पर पैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे विदेशियों के लिए एक खेल का मैदान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहां यूरेनियम है, इस पर ध्यान दिया गया है। मुस्तांग प्राकृतिक संसाधनों से भरा क्षेत्र है। शक्तिशाली देशों की दिलचस्पी वहां बढ़ रही है। ओली ने यह आरोप प्रचंड द्वारा गठबंधन तोड़ने के बाद लगाया। ओली ने भी भारत के खिलाफ तीखे बयान देने शुरू कर दिए हैं।

## स पर 10 ट्रिलियन डॉलर कर्ज बढ़ा, निक्की हेली का दो पूर्व राष्ट्रपतियों पर निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने अमेरिका पर 10 ट्रिलियन डॉलर कर्ज बढ़ने पर अपनी ही पार्टी के दो पूर्व राष्ट्रपतियों को आड़े हाथों लिया है। निक्की रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी कर रहीं हैं। उन्होंने अपनी ही पार्टी के दो पूर्व राष्ट्रपतियों को निशाने पर ले लिया। इसमें जॉर्ज डब्लू बुश और डोनाल्ड ट्रंप शामिल हैं। निक्की ने कहा कि दोनों ने बड़े पैमाने पर खर्च किया जिसके चलते देश पर कर्ज बढ़ गया। उन्होंने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी हमला किया। हेली ने कहा कि जब वह 2010 में उत्तरी कैरोलिना की गवर्नर चुनी गईं, तो राष्ट्रीय ऋण 13 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर था। तेरह साल बाद, ये कर्ज 31 ट्रिलियन अमेरीकी डॉलर से अधिक है। इसमें अभी भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जो बाइडेन की नीतियां भी काफी खराब है। इसके चलते अगले 10 सालों में राष्ट्रीय कर्ज में 20 ट्रिलियन डालर और बढ़ जाएगा। बता दें कि पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने इसी साल 14 फरवरी को राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का एलान किया था। निक्की भारतीय मूल की हैं।

**निक्की हेली ने और क्या कहा?**

क्लब फॉर ग्रोथ रिट्रीट को



संबोधित करते हुए हेली ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी तीखा हमला किया। कहा कि बाइडेन की नीतियां भी खर्च करने वाली है। वह ज्यादा खर्च करो, ज्यादा टैक्स दो और बच्चों को यह पता लगाने दो कि इससे कैसे निपटना है जैसी नीति अपनाते हैं।

निक्की ने आगे कहा, अभी तो बाइडेन को केवल एक चीज में खर्च की अनुमति दी जानी चाहिए और वह है उनके रिटायरमेंट का समय। इसके अलावा वह हमारी अर्थव्यवस्था से जो भी डॉलर निकालते हैं वह हमारे लोगों को गरीब बनाता है। हेली ने पिछले दो रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों (बुश और ट्रम्प) का नाम लिए बिना उनकी आलोचना की। बोलीं, बहुत सारे रिपब्लिकन राजनेताओं को खर्च करना और करदाताओं के पैसे को बर्बाद करना लगभग उतना ही पसंद है जितना कि डेमोक्रेट को।

हेली ने आगे कहा, 'पिछले दो रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने राष्ट्रीय ऋण में 10 ट्रिलियन अमरीकी डालर से अधिक जोड़ा। इसके बारे में सोचें। हमारे ऋण का एक तिहाई सिर्फ दो रिपब्लिकन नेताओं की बदौलत हुआ।' हेली ने कहा, इस मामले में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। रिपब्लिकन ने ट्रिलियन-डॉलर महामारी विस्फोट पर गेंद को लुढ़का दिया, जिसके बाद सभी खैरात और धोखाधड़ी और दुर्व्यवहार हुए। अकेले एक बिल में उन्होंने 2.2 ट्रिलियन अमेरीकी डालर खर्च किए और सदन में वोट 419-6 और 96-0 था।'

## 'अमेरिका पहचान के संकट से जूझ रहा' : रामास्वामी बोले- राष्ट्रपति बना तो शिक्षा विभाग को करेंगे खत्म

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के दावेदार विवेक रामास्वामी का कहना है कि अमेरिका राष्ट्रीय पहचान के संकट से जूझ रहा है। रामास्वामी ने कहा कि अमेरिकी लोगों के जीवन का कोई उद्देश्य नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि देश से शिक्षा विभाग और जांच एजेंसी एफबीआई को खत्म कर देना चाहिए। बता दें कि वॉशिंगटन में रिपब्लिकन पार्टी का सालाना कार्यक्रम कंजरवेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम को 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दावेदार संबोधित कर रहे हैं। बता दें कि निकी हेली, विवेक रामास्वामी और डोनाल्ड ट्रंप पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार हैं। पांच मार्च को विवेक रामास्वामी ने कार्यक्रम के दौरान अपना भाषण दिया। जिसमें रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका पहचान के संकट से जूझ रहा है।

रामास्वामी ने कहा कि मैं 37 साल का हूं और मेरी तरह ही मेरी पीढ़ी के लोगों के पास कोई उद्देश्य



ही नहीं है। हमारे अंदर कुछ करने की भूख नहीं है। एक समय था, जब अमेरिकी लोगों के जीवन का उद्देश्य था, उनमें आस्था थी, देशभक्ति थी, वह मेहनती थे और परिवार था...लेकिन आज ये सब चीजें खत्म हो चुकी हैं। आज हमारे पास इस सवाल का जवाब नहीं है कि एक अमेरिकी होने का मतलब क्या होता है। आज रिपब्लिकन पार्टी के पास मौका है कि वह इस खाली जगह को भर सकती है और अमेरिका के लोगों को एक विजन और राष्ट्रीय पहचान दे सकती है। विवेक रामास्वामी ने कहा कि उनका एजेंडा अमेरिका फर्स्ट का है। उन्होंने कहा कि हमें यह फिर से पता करना होगा कि अमेरिका क्या है। अमेरिका में (जागृति) एक जहर की तरह देश को भ्रमित कर रही है। रामास्वामी ने अपने भाषण में कहा कि अमेरिका को तीन धर्मनिरपेक्ष धर्मों- नस्ल, लिंग और जलवायु ने असमंजस की स्थिति में पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि पहले तो अमेरिकी लोग त्वचा के रंग से अपनी पहचान को जोड़ते हैं और वहां योग्यता पर किसी का ध्यान नहीं है। अगर कोई व्यक्ति गोरा है तो वह उच्च है और जो काला है वो निम्न। इससे अमेरिका में डर का माहौल पैदा हुआ है। यह हमारे देश की आत्मा के लिए कैंसर की तरह है। रामास्वामी ने लैंगिक भेदभाव और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों को भी अमेरिका के लिए समस्या बताया। हमें कार्बन उत्सर्जन कम करने की जरूरत है और इसके लिए न्यूक्लियर ऊर्जा को अपनाना होगा क्योंकि इससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है।

रामास्वामी ने कहा कि आज हमें चीन से भी आजादी पाने की जरूरत है। अगर आज थॉमस जेफरसन जिंदा होते तो वह डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस की जगह डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस फ्राम चाइना पर हस्ताक्षर करते। विवेक रामास्वामी ने कहा कि हमें अमेरिकी कंपनियों के चीन में बिजनेस करने पर प्रतिबंध लगाना होगा। खासकर तब तक जब तक चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी का पतन नहीं हो जाता या फिर वह अपने आप को पूरी तरह से बदल नहीं लेती।

## नित्यानंद के कैलासा को मिला खास दर्जा छिना-अमेरिका ने नेवार्क शहर ने माना था सिस्टर सिटी, अब कहा- एग्रीमेंट धोखे से कराया

**वाशिंगटन।** भारत के भगौड़े स्वामी नित्यानंद के देश कैलासा के साथ अमेरिका के शहर नेवार्क ने अपना सिस्टर सिटी एग्रीमेंट कैंसिल कर दिया है। इस नेवार्क की प्रेस सचिव सुजैन गैरोफलो ने एग्रीमेंट पर पछतावा जताया है। उन्होंने कहा- जैसे ही हमें कैलासा की परिस्थितियों के बारे में पता चला हमने एग्रीमेंट खत्म कर दिया।



ये एग्रीमेंट धोखे से किया गया था।

दरअसल, अमेरिका के शहर नेवार्क ने 11 जनवरी को कैलासा के साथ एक सिस्टर सिटी एग्रीमेंट किया था। इसके बाद नित्यानंद ने दावा किया था कि अमेरिका ने उसके देश को मान्यता दे दी है। नित्यानंद ने इस एग्रीमेंट से जुड़े समारोह की कई फोटोज भी फेसबुक पर शेयर की थी।

**18 जनवरी को रद्द हुआ समझौता**

नेवार्क के काउंसिलमैन लुइस क्विंटाना ने 18 जनवरी को इस समझौते को रद्द करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। क्विंटाना ने कहा- किसी भी देश को सिस्टर सिटी एग्रीमेंट में शामिल होने के लिए वहां ह्यूमन राइट्स का सही तरह से पालन होना जरूरी है। हम किसी ऐसे देश को शामिल नहीं कर सकते जो विवादों में घिरा हो और जहां ह्यूमन राइट्स का पालन न होता हो। ये समझौता एक गलती थी जो हम नहीं कर सकते। इसके बाद प्रस्ताव पास करते हुए नेवार्क ने ये एग्रीमेंट रद्द कर दिया।

## चीन और भारत ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का वादा किया, चीनी मीडिया ने रिपोर्ट में किया दावा

**बीजिंग।** जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान चीन और भारत ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का वादा किया है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग, लोगों के आदान-प्रदान और सीमा स्थिति के सामान्यीकृत प्रबंधन को लेकर भी दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने सहमति बनाई। बता दें कि हाल ही में जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन के विदेश मंत्री भारत आए थे। यहां

**और क्या कहा गया?**

चीनी विदेश मंत्री किन ने कहा, दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों को दुनिया में एक सदी में एक बार होने वाले बदलावों के संदर्भ में देखना चाहिए। द्विपक्षीय सहयोग को अपने-अपने राष्ट्रीय कायाकल्प के नजरिए से समझना चाहिए और आधुनिकीकरण के रास्ते पर भागीदार बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को दोनों देशों के नेताओं की महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना चाहिए। संवाद बनाए रखना चाहिए और विवादों को ठीक से सुलझाना चाहिए और द्विपक्षीय संबंधों में सुधार और संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाना एशिया और यहां तक कि पूरी दुनिया के भविष्य को बदल देगा।

**चीनी मीडिया रिपोर्ट में**



सीमाओं पर स्थिति को जल्द से चाहिए। किन ने कहा कि सीमा के मुद्दे को द्विपक्षीय संबंधों में उचित स्थान पर रखा जाना चाहिए। जल्द सामान्य प्रबंधन के तहत लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर इस बात पर सहमत हुए कि द्विपक्षीय संबंधों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और रणनीतिक ऊंचाई से समझा और सुधारा जाना चाहिए।

चीनी मीडिया ने बताया कि भारत-चीन संबंधों को सही रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए अधिक सहयोग मंच स्थापित किए जाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि वर्तमान सीमा स्थिति धीरे-धीरे स्थिर हो रही है और दोनों पक्षों को सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश के ऑक्सीजन प्लांट में विस्फोट की जांच शुरू, छह की मौत, 30 घायल

**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश में चटगांव के सीताकुंडा उपजिला के कदम रसूल (केशबपुर) इलाके में स्थित एक ऑक्सीजन संयंत्र में हुए शक्तिशाली विस्फोट की जांच में अब तक कुछ भी साफ नहीं हो पाया है। इस धमाके के बाद लगी आग में झुलसकर कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। 30 से अधिक झुलसे लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से कई की हालत गंभीर है। मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। सीताकुंडा थाना प्रभारी तोफज्जेल अहमद ने का कहना है कि पुलिस के अलावा और भी



कई एजेंसियां जांच कर रही हैं। मगर अभी तक विस्फोट की वजह सामने नहीं आई है। चटोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सूचना केंद्र के मुताबिक मृतकों में से पांच की पहचान शम्सुल आलम, फरीद, रतन लखरेट, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद कादर के रूप में हुई है। घटनास्थल का निरीक्षण कर लौटे उपायुक्त मोहम्मद फखरुज्जमां ने कहा है कि घायलों का चटोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि शिमा ऑक्सीजन प्लांट की तरफ से कोई कानूनी कागज नहीं दिखाया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 04 जून, 2022 को चटोग्राम के सीताकुंडा उपजिला में बीएम कंटेनर डिपो में आग लगी थी और विस्फोट में 51 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर पड़ा नरम, आईएए प्रमुख ने खुशी जताई

**तेहरान।** अपने परमाणु कार्यक्रम को जारी रखने पर अड़ियल रवैया अपनाने वाले ईरान का रुख कुछ नरम हुआ है। यह हृदय परिवर्तन अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) प्रमुख के तेहरान पहुंचने के बाद हुआ है। इस दौरे का नतीजा यह है कि ईरान और एजेंसी के बीच टकराव खत्म होने के आसार बढ़ गए हैं। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने कहा है कि तेहरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) सुरक्षा उपायों के समझौतों के आधार पर अपने संबंधों को विनियमित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामी ने यहां आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के साथ संयुक्त संवाददाता में यह टिप्पणी की। इस्लामी ने कहा कि दोनों पक्षों के संबंधों को सुरक्षा उपायों पर आधारित करने से आईएईए को ईरान की परमाणु गतिविधियों के बारे में आश्वस्त होने और

> एईओआई और एजेंसी इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और देश के वैज्ञानिकों की क्षमताओं के बारे में बेहतर जानने के लिए एजेंसी को 30वें ईरानी परमाणु सम्मेलन में भाग लेना चाहिए।

किसी भी विसंगति को रोकने में मदद मिलेगी। आईएईए के अध्यक्ष राफेल ग्रॉसी ने ईरान के बदले रुख पर खुशी जताते हुए कहा कि संचार विश्वास बनाने के तरीके में होना चाहिए, दोनों पक्षों को जोड़ने से इसे बाहरी हस्तक्षेप से बचाना चाहिए ताकि उनके मुद्दों को हल करने के लिए सहयोग भरोसेमंद तरीके से जारी रहे। उन्होंने कहा कि एईओआई और एजेंसी इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और देश के वैज्ञानिकों की क्षमताओं के बारे में बेहतर जानने के लिए एजेंसी को 30वें ईरानी परमाणु सम्मेलन में भाग लेना चाहिए। इस बीच आईएईए के निदेशक मंडल की अगली बैठक में ईरान विरोधी प्रस्ताव जारी करने की संभावना पर इस्लामी ने कहा कि अगर ऐसा होता है, तो ईरानी अधिकारी निश्चित रूप से उसके अनुसार निर्णय लेंगे और एईओआई उनके आधार पर कार्य करेगा। संवाददाता सम्मेलन में ग्रॉसी ने दुनिया में कहीं भी परमाणु संयत्रों और बिजली संयंत्रों के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई की निंदा की है। इस पूरे घटनाक्रम पर ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने उम्मीद जताई है कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर पेशेवर दृष्टिकोण अपनाएगी। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के मुताबिक रायसी ने राजधानी तेहरान में आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के साथ एक बैठक में यह टिप्पणी की।